मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्षः 8 अंक 50
शुक्रवार, 29 अगस्त 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

## मंत्रिमंडल का फैसला अगली पीढ़ी के बुनियादी ढांचे पर सरकार के ध्यान को दशार्ता है: पीएम मोदी

**नई दिल्ली, 28 अगस्त।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि कनेक्टिविटी और अगली पीढ़ी के बुनियादी ढांचे पर उनकी सरकार का ध्यान कर्नाटक, तेलंगाना, बिहार और असम को लाभान्वित करने वाली तीन परियोजनाओं को मंजूरी देने के मंत्रिमंडल के फैसले में परिलक्षित होता है। मोदी ने एक्स पर कहा, कनेक्टिविटी और अगली पीढ़ी के बुनियादी ढांचे पर हमारा ध्यान आज के मंत्रिमंडल के फैसले में एक बार फिर प्रतिबिंबित हुआ है, जो कर्नाटक, तेलंगाना, बिहार और असम को लाभ पहुंचाने वाली तीन परियोजनाओं के मल्टी-ट्रैकिंग और गुजरात में कच्छ के दूरदराज के इलाकों में एक नयी रेलवे लाइन से संबंधित है।




इससे पहले, एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने 12,328 करोड़ रुपये की लागत वाली चार रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी है।इन परियोजनाओं में देशलपार-हाजीपीर-लूना और वायोर-लखपत को जोड़ने वाली एक नयी रेल लाइन का निर्माण, सिकंदराबाद (सनथनगर)-वाडी के बीच तीसरी और चौथी लाइन, भागलपुर से जमालपुर तक तीसरी लाइन और फुर्केटिंग-न्यू तिनसुकिया दोहरीकरण का शामिल है।

मंत्रिमंडल ने 7,332 करोड़ रुपये के व्यय के साथ रेहड़ी-पटरी वालों के लिए प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के पुनर्गठन और विस्तार को 31 मार्च, 2030 तक के लिए मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार रेहड़ी-पटरी वालों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह निर्णय रेहड़ी-पटरी वालों के जीवन को बदलने में मदद करेगा।

## सीतामढ़ी में बोले राहुल गांधी, बिहार की मतदाता सूची से हटाए गए 65 लाख गरीबों के नाम

**सीतामढ़ी, 28 अगस्त।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को दावा किया कि बिहार की मतदाता सूची से 65 लाख गरीब और सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के नाम हटा दिए गए हैं। 'मतदाता अधिकार यात्रा' के तहत सीतामढ़ी में एक रैली को संबोधित करते हुए, गांधी ने कहा कि बिहार के लोग भाजपा और चुनाव आयोग को अपने वोट के अधिकार से छीनने की अनुमति नहीं देंगे। जानकी मंदिर में दर्शन व पूजा-अर्चना करने के बात राहुल ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा और चुनाव आयोग बिहार में 'वोट चोरी' करने की कोशिश कर रहे हैं, इसलिए हमने यहां 'वोटर अधिकार यात्रा' निकाली है। भाजपा और चुनाव आयोग ये जान लें कि बिहार की जनता जागरूक है, वो इन्हें 'वोट चोरी' करने नहीं देगी।



राहुल गांधी ने कहा कि बिहार ने अपनी पूरी ताकत 'वोटर अधिकार यात्रा' में डाल दी है। आज यहां का बच्चा-बच्चा ये कह रहा है कि नरेंद्र मोदी 'वोट चोरी' करते हैं। वोट चोर - गद्दी छोड़। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में हमने सबूत के साथ दिखाया है कि इखढ ने 'वोट चोरी' की है। भाजपा के लोग ध्यान से सुन लें- हमने अभी सिर्फ एक विधानसभा का सबूत दिया है। आने वाले समय में हम लोकसभा, हरियाणा और बाकी प्रदेशों में भी 'वोट चोरी' का सबूत देंगे। हम ये साबित कर देंगे कि बीजेपी-आरएसएस 'वोट चोरी' कर ही चुनाव जीतते हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि बाबा साहेब ने हमें जो संविधान दिया है, वो एक पवित्र किताब है।

## बांग्लादेशी कट्टरपंथी संगठन जेएमबी के संपर्क में रहने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार: हिमंत

**असम, 28 अगस्त।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को कहा कि धुबरी जिले के कई निवासियों के फोन नंबर कट्टरपंथी संगठन जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) को कथित तौर पर उपलब्ध कराने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। जेएमबी यहां राज्य में अशांति पैदा करने की कोशिश कर रहा है।



मुख्यमंत्री ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गिरफ्तार किया गया व्यक्ति एक भारतीय नागरिक है और वह जेएमबी को फोन नंबर मुहैया कराने वाला मुख्य माध्यम था। फोन नंबर उपलब्ध हो जाने के बाद जेएमबी के सदस्य उन लोगों को कट्टरपंथी बनाने के इरादे से फोन किया करते थे।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति अली हुसैन बेपारी को पहले भी गिरफ्तार किया गया था, लेकिन वह जमानत पर बाहर था। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की सीमा से लगे धुबरी और दक्षिण सलमारा जिलों में कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा, दक्षिण सलमारा पिछले पांच सालों से शांतिपूर्ण रहा है, लेकिन हाल के दिनों में धुबरी में कई गतिविधियां हुई हैं। इसलिए कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर चिंता जताते हुए हमने दुगार्पूजा के दौरान रात में देखते ही गोली मारने के आदेश जारी रखने का फैसला किया है। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि योजना आयोग की पूर्व सदस्य सईदा हामिद के खिलाफ कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की जाएगी। हामिद ने कहा था कि बांग्लादेशी भी यहां रह सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा, अगर मैं प्राथमिकी दर्ज करा दूं, तो वह केस लड़ने के लिए देश के अलग-अलग हिस्सों से चंदा इकट्ठा करेंगी। इससे उन्हें सिर्फ. फायदा ही होगा।

## ट्रंप के टैरिफ पर भड़के सपा सांसद अवधेश प्रसाद

**लखनऊ, 28 अगस्त।** संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा भारतीय आयातों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, समाजवादी पार्टी (सपा) सांसद अवधेश प्रसाद ने गुरुवार को कहा कि अमेरिकी उत्पादों का उपयोग बंद करना समय की माँग है। प्रसाद ने एएनआई से कहा कि जब हम उनके उत्पादों का बहिष्कार करेंगे, तो उन्हें इससे नुकसान होगा। मौजूदा हालात में, यह जरूरी है कि हम अमेरिकी उत्पादों का उपयोग बंद कर दें। हमें यह जल्द से जल्द करना चाहिए।



इससे पहले, योग गुरु रामदेव ने भी अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ के विरोध में भारतीय नागरिकों से अमेरिकी कंपनियों और ब्रांडों का बहिष्कार करने का आग्रह किया और इसे राजनीतिक धौंस, गुंडागर्दी और तानाशाही करार दिया। रामदेव ने एएनआई से कहा कि भारतीय नागरिकों को अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए 50% टैरिफ का कड़ा विरोध करना चाहिए, इसे राजनीतिक धौंस, गुंडागर्दी और तानाशाही बताकर। अमेरिकी कंपनियों और ब्रांडों का पूरी तरह से बहिष्कार किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि पेप्सी, कोका-कोला, सबवे, केएफसी या मैकडॉनल्ड्स के काउंटरों पर एक भी भारतीय नहीं दिखना चाहिए। इतना बड़ा बहिष्कार होना चाहिए... अगर ऐसा हुआ, तो अमेरिका में अराजकता फैल जाएगी। अमेरिका में महंगाई इतनी बढ़ जाएगी कि खुद ट्रंप को ये टैरिफ वापस लेने पड़ सकते हैं... ट्रंप ने भारत के खिलाफ जाकर बहुत बड़ी गलती की है। अमेरिका ने सबसे पहले अगस्त की शुरूआत में भारत पर 25% टैरिफ लगाया था। इसके बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 27 अगस्त से भारत पर रूसी तेल की निरंतर खरीद के लिए अतिरिक्त 25% टैरिफ लगाने की घोषणा की।

इस बीच, हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के डेमोक्रेट्स ने राष्ट्रपति ट्रंप की आलोचना की है कि उन्होंने रूसी तेल की खरीद को लेकर भारत पर टैरिफ लगाया है, जबकि चीन और बड़ी मात्रा में तेल खरीदने वाले अन्य देशों को इससे छूट दी है।

एक पोस्ट में, समिति ने आरोप लगाया कि टैरिफ के साथ केवल भारत पर ध्यान केंद्रित करने का ट्रंप का फैसला अमेरिकियों को नुकसान पहुँचा रहा है और इस प्रक्रिया में अमेरिका-भारत संबंधों को नुकसान पहुँचा रहा है। समिति ने प्रशासन की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा, ऐसा लगता है जैसे यह यूक्रेन के बारे में है ही नहीं।

## अवर अभियंता के खिलाफ निलंबन चीजों को ढकने के लिए जारी किया : इलाहाबाद उच्च न्यायालय

**इलाहाबाद, 28 अगस्त।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद मेंऊर्जा मंत्री के कार्यक्रम के दौरान 10 मिनट तक के लिए बिजली गुल होने पर निलंबित अवर अभियंता की याचिका पर सुनवाई करते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि याचिकाकर्ता पर बिना कोई जवाबदेही तय किए उसे निलंबित करने का आदेश चीजों को ढकने के लिए जारी किया गया।

अदालत ने उत्तर प्रदेश बिजली विभाग को याचिकाकर्ता के निलंबन आदेश पर पुनर्विचार करने को कहा है। अवर अभियंता ललित कुमार की ओर से दायर रिट याचिका निस्तारित करते हुए न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी ने बिजली विभाग के वकील के बयान के आधार पर यह टिप्पणी की।



विभाग के वकील ने कहा कि पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक इस मामले में पुनर्विचार करेंगे। उल्लेखनीय है कि 20 जुलाई को मुरादाबाद में ऊर्जा मंत्री के एक कार्यक्रम के दौरान 10 मिनट के लिए बिजली गुल हो गई थी और 10 मिनट बाद बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई। इसके बाद, अवर अभियंता ललित कुमार को इस मामले में लापरवाही के आरोप में निलंबित कर दिया गया। याचिकाकर्ता ने निलंबन के आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि निलंबन का आदेश केवल विभाग की खामियों को छिपाने के लिए जारी किया गया। इस आदेश में याचिकाकर्ता पर कोई जवाबदेही का उल्लेख नहीं किया गया है। वहीं, बिजली विभाग के वकील ने कहा कि उसे विभाग से जवाब आया है कि संबंधित अधिकारी इस मामले को फिर से देखेंगे और पूरी संभावना है कि निलंबन के आदेश पर पुनर्विचार किया जाए।

प्रतिवादी बिजली विभाग द्वारा दिए गए आश्वासन को रिकॉर्ड में दर्ज करते हुए अदालत ने 25 अगस्त को अपने आदेश में कहा कि यदि सरकार अपने आश्वासन पर खरा नहीं उतरती है तो याचिकाकर्ता के पास इस अदालत का दरवाजा खटखटाने की आजादी होगी।




### चंदौली में एक व्यक्ति दो करोड़ की हेरोइन के साथ गिरफ्तार

**चंदौली।** उत्तर प्रदेश में चंदौली जिले की मुगलसराय कोतवाली पुलिस ने एक व्यक्ति को 120 ग्राम हेरोइन (मादक पदार्थ) के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। बरामद हेरोइन की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में दो करोड़ रुपये बतायी जाती है। इसे वह राजस्थान से लेकर यहां पहुंचा था। पुलिस ने बताया कि उसके हाथ लगी हेरोइन की आपूर्ति गाजीपुर जिले के जमनिया में की जानी थी। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार तस्कर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।



# प्रेरणास्त्रोत आईपीएस मनुमुक्त मानव : स्मृतियाँ जीवित, न्याय शून्य



-प्रियंका सौरभ

28 अगस्त 2014, भारतीय पुलिस सेवा के इतिहास का एक ऐसा दिन था जिसने हर संवेदनशील नागरिक के हृदय को झकझोर कर रख दिया। इसी दिन देश ने एक होनहार, मेधावी और जांबाज अधिकारी आईपीएस मनुमुक्त मानव को खो दिया। मात्र 31 वर्ष 9 माह की अल्पायु में, नेशनल पुलिस अकादमी हैदराबाद, तेलंगाना में उनकी संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु ने न केवल उनके परिवार को बल्कि पूरे राष्ट्र को हतप्रभ कर दिया। यह कोई सामान्य घटना नहीं थी, बल्कि भारतीय पुलिस सेवा जैसी प्रतिष्ठित संस्था के इतिहास में घटित होने वाली सबसे बड़ी और विचलित कर देने वाली दुर्घटना थी। प्रश्न यह उठता है कि आखिर ऐसी सर्वोच्च सुरक्षा व्यवस्था के बीच एक अधिकारी इस तरह कैसे मौत का शिकार हो सकता है और क्यों अब तक इस रहस्य से पर्दा नहीं उठाया गया।

**आईपीएस मनुमुक्त मानव की 28 अगस्त 2014 को हुई संदिग्ध मृत्यु आज भी अनुत्तरित प्रश्न छोड़ गई है। नेशनल पुलिस अकादमी, हैदराबाद जैसी सर्वोच्च संस्था में एक युवा, मेधावी और ऊर्जावान अधिकारी का इस तरह मौत का शिकार होना केवल एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि पूरे भारतीय न्याय और पुलिस व्यवस्था की साख पर धब्बा है। मनुमुक्त के सपने और आदर्श आज भी प्रेरणा देते हैं, पर उनकी असामयिक मृत्यु का सच अब तक अंधेरे में है। अब समय आ गया है कि सरकार सीबीआई जांच के जरिये सच्चाई सामने लाए और इस अधिकारी को न्याय दिलाए।**

मनुमुक्त मानव की असामयिक मृत्यु के बाद आधी रात को उनका शव नेशनल पुलिस अकादमी के स्विमिंग पूल से बरामद हुआ। यह तथ्य अपने आप में सैकड़ों सवाल खड़े करता है। क्या यह एक हादसा था या कुछ और? जब उनके शव के पास ही ऑफिसर्स क्लब में विदाई पार्टी चल रही थी, तो वहां मौजूद लोगों ने कुछ देखा या सुना क्यों नहीं? पुलिस अकादमी जैसी सख्त अनुशासन वाली संस्था में यह घटना कैसे घटित हुई और क्यों इसकी निष्पक्ष और पारदर्शी जांच आज तक नहीं हो पाई? घटना को अब बारह साल बीत चुके हैं, परंतु सच्चाई आज भी अंधेरे में दफन है। यही स्थिति पूरे पुलिस तंत्र और न्याय व्यवस्था पर गहरा प्रश्नचिह्न खड़ा करती है।

मनुमुक्त मानव किसी साधारण अधिकारी का नाम नहीं था। वे 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी थे और हिमाचल कैडर से जुड़े थे। उनका जन्म 23 नवंबर 1983 को हरियाणा के हिसार में हुआ। पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ से उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले इस युवा अधिकारी ने कम उम्र में ही असाधारण उपलब्धियाँ अर्जित कर ली थीं। एनसीसी का सी सर्टिफिकेट प्राप्त करना, छात्र जीवन से ही अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का परिचय देना और प्रतिभा के दम पर आईपीएस तक पहुँचना उनके उज्ज्वल भविष्य का संकेत था। वे केवल एक अधिकारी ही नहीं बल्कि चिंतक, कलाकार और फोटोग्राफर भी थे। उनकी सेल्फी लेने की कला और रचनात्मक दृष्टिकोण ने उन्हें उनके दोस्तों और सहकर्मियों के बीच विशेष पहचान दिलाई।

मनुमुक्त मानव के सपने बेहद बड़े और दूरगामी थे। वे अपने गाँव तिभरा में अपने दादा-दादी की स्मृति में एक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित करना चाहते थे। इसके अतिरिक्त वे नारनौल में एक सिविल सर्विस अकादमी बनाने का विचार रखते थे ताकि गाँव और कस्बों से निकलने वाले युवाओं को भी सिविल सेवा की तैयारी का अवसर मिल सके। समाज सेवा के लिए उनके भीतर गहरी संवेदनशीलता और बड़ा दृष्टिकोण था। वे केवल अपने कैरियर और पद की ऊँचाइयों के बारे में नहीं सोचते थे बल्कि समाज को लौटाने के लिए लगातार योजनाएँ बनाते रहते थे। मगर उनकी असामयिक और संदिग्ध मृत्यु ने उन सभी सपनों को अधूरा छोड़ दिया। एकमात्र बेटे की असामयिक मृत्यु ने उनके माता-पिता को गहरे शोक में डुबो दिया। उनके पिता डॉ. रामनिवास मानव देश के प्रसिद्ध साहित्यकार और शिक्षाविद् हैं, जबकि माँ डॉ. कांता अर्थशास्त्र की प्राध्यापिका रही हैं। किसी भी माता-पिता के लिए यह सबसे बड़ा दुःख है कि वे अपने जवान बेटे को खो दें। इस तरह का वज्रपात सामान्य परिवारों को तोड़ देता है, लेकिन मानव दंपति ने अद्भुत धैर्य और साहस का परिचय दिया। उन्होंने अपने बेटे की स्मृतियों को सहेजने और उन्हें जीवंत बनाए रखने का संकल्प लिया। यही कारण है कि उन्होंने अपने जीवन की संपूर्ण जमापूंजी लगाकर मनुमुक्त मानव मेमोरियल ट्रस्ट का गठन किया और नारनौल, हरियाणा में मनुमुक्त भवन का निर्माण किया। यह भवन केवल एक स्मारक नहीं बल्कि जीवंत सांस्कृतिक केंद्र है। इसमें लघु सभागार, संग्रहालय और पुस्तकालय स्थापित किए गए हैं। हर साल इस भवन से मनुमुक्त मानव की स्मृति में कई पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं जिनमें अढ़ाई लाख का अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार, एक लाख का राष्ट्रीय पुरस्कार, इक्कीस-इक्कीस हजार के दो और ग्यारह-ग्यारह हजार के तीन पुरस्कार शामिल हैं। इन पुरस्कारों के माध्यम से युवा प्रतिभाओं, साहित्यकारों और समाजसेवियों को सम्मानित किया जाता है। अब तक एक दर्जन से अधिक देशों के लगभग तीन सौ से अधिक विद्वान, कलाकार और लेखक यहाँ आकर भागीदारी कर चुके हैं। मात्र ढाई वर्षों की अवधि में ही मनुमुक्त भवन अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक केंद्र के रूप में प्रतिष्ठित हो चुका है। इस स्मारक और ट्रस्ट के माध्यम से मनुमुक्त मानव की स्मृतियाँ न केवल जीवंत रखी गई हैं बल्कि उनके अधूरे सपनों को साकार करने का प्रयास भी किया जा रहा है। इस कार्य में उनकी बहन डॉ. एस. अनुकृति, जो विश्व बैंक वाशिंगटन में अर्थशास्त्री हैं, लगातार सहयोग करती रहती हैं। इस प्रकार एक परिवार ने व्यक्तिगत त्रासदी को सामाजिक चेतना में बदलने का प्रयास किया है।

फिर भी सवाल वहीं खड़ा है कि मनुमुक्त मानव की मृत्यु का रहस्य क्यों नहीं खोला गया। जब भारतीय पुलिस सेवा जैसी उच्च संस्था में इस प्रकार की घटना होती है और उसकी जांच ठंडे बस्ते में डाल दी जाती है, तो यह केवल एक परिवार के साथ अन्याय नहीं बल्कि पूरी व्यवस्था पर धब्बा है। यह घटना विश्वभर में भारत की छवि पर भी प्रश्नचिह्न बनकर खड़ी होती है। आखिर जब एक प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी की सुरक्षा की गारंटी सर्वोच्च अकादमी नहीं दे पाती तो देश के सामान्य नागरिकों की सुरक्षा पर कैसे भरोसा किया जा सकता है?

अब समय आ गया है कि भारत सरकार और गृह मंत्रालय इस मामले को गंभीरता से लें। केवल औपचारिकता निभाने से काम नहीं चलेगा। आवश्यक है कि इस मामले की सीबीआई से स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच कराई जाए। सच्चाई को सामने लाना केवल मनुमुक्त मानव को न्याय देने का प्रश्न नहीं है बल्कि यह पूरे पुलिस तंत्र की विश्वसनीयता और पारदर्शिता से जुड़ा हुआ है। न्याय में देरी किसी भी सूरत में उचित नहीं मानी जाती। अगर आज इस मामले पर चुप्पी साध ली गई तो यह अन्य अनेक मामलों के लिए भी खतरनाक उदाहरण साबित होगा।

मनुमुक्त मानव केवल एक नाम नहीं थे। वे युवाशक्ति, आदर्श और प्रेरणा के प्रतीक थे। उनकी मृत्यु ने हम सबको यह सोचने पर मजबूर किया है कि हमारे युवा अधिकारी कितनी असुरक्षित परिस्थितियों में कार्य कर रहे हैं। अगर ऐसे अधिकारियों को न्याय नहीं मिलेगा तो आने वाली पीढ़ियाँ हतोत्साहित होंगी। इसीलिए आवश्यक है कि मनुमुक्त मानव के मामले की सच्चाई सामने आए, दोषियों को सजा मिले और देश का हर युवा अधिकारी निडर होकर सेवा कर सके। समाप्त करते हुए यही कहा जा सकता है कि न्याय की राह भले कठिन हो, लेकिन उसे टालना किसी भी लोकतंत्र के लिए घातक है। मनुमुक्त मानव की स्मृतियाँ आज भी हमारे बीच जीवित हैं। उनके सपने अधूरे हैं परंतु उनकी प्रेरणा अमर है। उनकी स्मृति में निर्मित भवन और पुरस्कार हमें यह संदेश देते हैं कि सत्य और न्याय के लिए संघर्ष कभी व्यर्थ नहीं जाता। अब समय आ गया है कि सरकार इस मामले में सक्रियता दिखाए और इस अधिकारी को न्याय दिलाए। मनुमुक्त मानव केवल एक परिवार के बेटे नहीं, बल्कि इस देश की आशाओं और आकांक्षाओं के प्रतीक थे। उन्हें न्याय दिलाना हम सबका दायित्व है।

# विश्वगुरु बनने की नई इबारत लिखता भागवत का उद्बोधन



-ललित गर्ग

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के शताब्दी वर्ष पर दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित वार्षिक व्याख्यानमाला केवल एक उत्सव मात्र नहीं था, बल्कि यह आयोजन भारत की आत्मा और उसके भविष्य की एक गहन घोषणा थी। संघ सरचालक मोहन भागवत ने इन व्याख्यानों में जिस स्पष्टता और गंभीरता से अपने विचार रखे, उन्होंने संघ की विचारधारा के प्रति व्याप्त भ्रांतियों का निवारण करने के साथ-साथ भारत को विश्वगुरु बनाने की दिशा में एक नया क्षितिज भी उद्घाटित किया। यह आयोजन संघ के सौ वर्ष की साधना का मूल्यांकन ही नहीं, बल्कि आने वाले सौ वर्षों की दिशा का भी उद्घोष था। नई इबारत लिखते हुए भागवत ने स्पष्ट कहा कि संघ की कार्यप्रणाली का सार है,नए मनुष्य का निर्माण। यह विचार सुनने में सरल लग सकता है, किंतु इसके निहितार्थ अत्यंत गहरे हैं। समाज और राष्ट्र की सारी समस्याओं का मूल व्यक्ति के भीतर छिपा है। इसीलिये देश के सभी वर्गों को एकसूत्र में जोड़ने के संकल्प के साथ संघ आगे बढ़ेगा क्योंकि जब तक व्यक्ति का चरित्र, दृष्टि और आचरण नहीं बदलते, तब तक कोई भी व्यवस्था स्थायी रूप से परिवर्तित नहीं हो सकती। संघ व्यक्ति-निर्माण के माध्यम से समाज और राष्ट्र को बदलने की दीर्घकालिक साधना कर रहा है। यही कारण है कि संघ के कार्य का परिणाम केवल शाखाओं या कार्यक्रमों में नहीं मापा जा सकता, बल्कि उस अदृश्य लेकिन ठोस नैतिक शक्ति में देखा जा सकता है, जो धीरे-धीरे समाज की दिशा बदल रही है।

हिंदुत्व को लेकर जो भ्रांतियाँ फैलाई जाती रही हैं, उन्हें भी भागवत ने तार्किक ढंग से दूर किया। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व किसी संकीर्ण परिभाषा का नाम नहीं है। यह कोई धर्म विशेष की पूजा-पद्धति या संप्रदाय नहीं है। हिंदुत्व भारतीय जीवन दृष्टि है, वह व्यापक सांस्कृतिक धारा है, जिसमें करुणा, समरसता, सेवा, अहिंसा, सत्य और आत्मानुभूति का सम्मिलन है। हिंदुत्व सबको जोड़ता है, किसी को अलग नहीं करता। यह भारत की आत्मा है और इसी आत्मा के बल पर भारत को विश्वगुरु बनने की पात्रता प्राप्त हो सकती है। इस स्पष्ट व्याख्या ने उस संदेह को भी दूर किया कि संघ का हिंदुत्व राजनीतिक या सत्ता प्राप्ति का साधन है। वास्तव में यह संपूर्ण मानवता को एक सूत्र में बांधने वाली दृष्टि है, जिसमें भेदभाव के लिए कोई स्थान नहीं है। दूसरे दिन के वक्तव्य में भागवत ने और गहराई से विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने पंचकर्म की चर्चा करते हुए कहा कि जैसे आयुर्वेद में पंचकर्म शरीर की शुद्धि का साधन है, वैसे ही समाज की शुद्धि और पुनर्निर्माण के लिए भी पंचकर्म आवश्यक है। उन्होंने पांच आयाम बताए-चरित्र निर्माण, संगठन निर्माण, समरसता, गरीब का उत्थान और आध्यात्मिक जागरण। यह पांचों पहलू किसी भी समाज के स्थायी स्वास्थ्य और विकास के आधार हैं। केवल राजनीतिक सुधार या आर्थिक प्रगति से राष्ट्र महान नहीं बनता, बल्कि तब बनता है जब व्यक्ति का चरित्र शुद्ध हो, समाज संगठित हो, उसमें समरसता हो, कमजोर वर्ग को उत्थान मिले और राष्ट्र का जीवन उच्च आध्यात्मिक मूल्यों से संपन्न हो।

विशेष रूप से गरीब आदमी के उत्थान पर भागवत का जोर उल्लेखनीय था। उन्होंने कहा कि भारत तभी सशक्त होगा जब समाज के अंतिम व्यक्ति तक सम्मान और अवसर पहुंचे। यह विचार महात्मा गांधी के ह्यअंत्योदयह्ल, विनोबा भावे के ह्यसर्वोदयह्ल और दीनदयाल उपाध्याय के ह्यएकात्म मानववादह्ल की पुनर्स्मृति कराता है। आधुनिक भारत की सबसे बड़ी चुनौती यही है कि विकास के लाभ समाज के सभी तबकों तक समान रूप से नहीं पहुंचते। अमीर-गरीब की खाई बढ़ती जा रही है। यदि इस खाई को नहीं भरा गया, तो राष्ट्र की प्रगति अधूरी रह जाएगी। भागवत का दृष्टिकोण यह है कि राष्ट्र तभी महान बन सकता है जब उसका सबसे कमजोर नागरिक भी गरिमा और सम्मान के साथ जीवन जी सके। धर्मों की एकता पर उनका दृष्टिकोण भी उतना ही महत्वपूर्ण था। भारत का इतिहास यही बताता है कि यहां विविधता में एकता की परंपरा रही है। हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन-सभी धर्म इस भूमि पर फले-फूले हैं और सभी का मूल संदेश करुणा, सेवा और मानवता रहा है। समस्या तब उत्पन्न होती है जब धर्म को सत्ता की राजनीति से जोड़ा जाता है। भागवत का कहना था कि यदि हम धर्मों के मूल्यों को देखें तो उनमें कोई टकराव नहीं है। सबका आधार प्रेम, सत्य और सेवा है। यही साझा आधार भारत को एक ऐसा समाज बनाने में सक्षम है, जो विश्व के लिए अनुकरणीय हो।


भागवत के विचार निश्चित रूप से भारत की सांस्कृतिक परंपरा और संघ की कार्यप्रणाली को नई स्पष्टता देते हैं, लेकिन यहां यह प्रश्न भी उठता है कि इन विचारों को व्यवहार में उतारने की राह कितनी सरल है? समाज की जटिलताओं, जातीय और धार्मिक तनावों, राजनीतिक स्वार्थों और आर्थिक विषमताओं के बीच नया मनुष्य बनाना एक दीर्घकालिक साधना है। आलोचक कहते हैं कि संघ के पास विचार तो हैं, लेकिन उनकी जड़ें अभी तक समाज के सभी वर्गों तक गहराई से नहीं पहुँची हैं। विशेषकर अल्पसंख्यक समुदायों में संघ के प्रति संदेह आज भी विद्यमान है। इसलिए केवल वक्तव्यों से नहीं, बल्कि ठोस और पारदर्शी कार्यों से यह भरोसा पैदा करना होगा कि संघ का हिंदुत्व वास्तव में सर्वसमावेशी है। इसी तरह गरीब के उत्थान और धर्मों की एकता की बातें विचारणीय हैं, किंतु यह भी देखना होगा कि क्या संघ और उससे जुड़े संगठन इस दिशा में ठोस योजनाएं और परिणाम दे पा रहे हैं? आलोचक यह प्रश्न उठाते हैं कि विकास की मुख्यधारा में गरीबों की स्थिति सुधारने में सामाजिक संगठनों से अधिक भूमिका सरकार की रही है। अतः यदि संघ इन बिंदुओं को अपनी कार्ययोजना का मूल बनाए, तो उसे केवल नैतिक आह्वान से आगे बढ़कर व्यावहारिक नीतियां और कार्यक्रम तैयार करने होंगे। तभी यह दृष्टि प्रभावी सिद्ध होगी और भारत सचमुच उस दिशा में बढ़ सकेगा, जिसकी परिकल्पना व्याख्यानमाला में की गई।

आज की वैश्विक परिस्थितियों पर दृष्टि डालें तो भागवत के विचार और भी प्रासंगिक हो उठते हैं। दुनिया हिंसा, आतंकवाद, युद्ध और उपभोक्तावाद की अंधी दौड़ से त्रस्त है। पर्यावरण संकट दिन-प्रतिदिन गंभीर होता जा रहा है। मानसिक तनाव और आत्मकेंद्रित जीवन-शैली ने मानव को भीतर से खोखला कर दिया है। इन परिस्थितियों में भारत ही वह देश है, जो एक वैकल्पिक जीवन-दर्शन दे सकता है। भारत के पास भौतिक विकास के साथ-साथ आध्यात्मिक समृद्धि की धरोहर है। यही धरोहर भारत को विश्वगुरु बनने की पात्रता प्रदान करती है। संघ की शताब्दी वर्ष की यह व्याख्यानमाला केवल संघ के स्वयंसेवकों के लिए नहीं, बल्कि पूरे देश और विश्व के लिए एक संदेश है। यह संदेश है-नए मनुष्य का निर्माण करना, गरीब को उठाना, धर्मों को जोड़ना, समाज में समरसता स्थापित करना और हिंदुत्व की व्यापक जीवन दृष्टि के आधार पर विश्व को दिशा देना। यह केवल भाषण नहीं, बल्कि एक संकल्प है। यदि भारत को सचमुच विश्वगुरु बनना है, तो यह संकल्प पूरे समाज का होना चाहिए। संघ को लेकर लंबे समय से यह आरोप लगाया जाता रहा है कि उसकी विचारधारा संकीर्ण है, वह केवल बहुसंख्यक समाज का प्रतिनिधित्व करता है, उसमें अल्पसंख्यकों के लिए कोई स्थान नहीं है। भागवत के इन वक्तव्यों ने यह स्पष्ट कर दिया कि संघ का दृष्टिकोण न तो संकीर्ण है और न ही बहिष्कृत करने वाला। संघ का हिंदुत्व सर्वसमावेशी है, जिसमें सभी धर्म और सभी आस्थाएं स्थान पा सकती हैं। इसका उद्देश्य सत्ता की राजनीति नहीं, बल्कि समाज का नैतिक और सांस्कृतिक पुनर्निर्माण है। संघ की शताब्दी का यह अवसर इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि आज भारत का भविष्य एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। एक ओर आर्थिक प्रगति, तकनीकी उपलब्धियां और वैश्विक मंच पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा है, तो दूसरी ओर आंतरिक चुनौतियां भी हैं-सामाजिक असमानता, जातीय तनाव, धार्मिक विद्वेष और मूल्यहीन राजनीति। इन चुनौतियों का समाधान केवल बाहरी सुधारों से नहीं, बल्कि भीतर से परिवर्तन लाने से होगा। यही संघ की कार्यप्रणाली है और यही भागवत का संदेश है। नये क्षितिज की ओर व्याख्यानमाला एक निष्कर्ष की ओर ही नहीं, बल्कि एक प्रश्न की ओर भी ले जाती है, क्या हम भारत को केवल भौतिक अर्थों में शक्तिशाली बनाना चाहते हैं या उसे वास्तव में विश्वगुरु बनाना चाहते हैं? यदि उत्तर दूसरा है, तो हमें भागवत के सन्देश को क्रियान्विति का धरातल देना ही होगा। दुनिया के लिये अपनेपन का नजरिया विकसित करना होगा, सौदे का नहीं।

# सिद्धिविनायक मंदिर : जहां दर्शन मात्र से पूरी हो जाती है हर मनोकामना



-सुरेश गांधी



**समंदर की लहरें जैसे ही जगाती हैं सपनों की नगरी को, जिंदगी निकल पड़ती है अपनी यात्रा पर..। यात्रा के उन्हीं रास्तों में एक राह जाती है उस परम शक्ति की ओर जो रक्षा करती है अपने दर पर आने जाने वाले हर भक्त की। जिसके बिना किसी भी शुभ कार्य की शुरूआत अधूरी मानी जाती है। फिर चाहे वह किसी भी धर्म या जाति का ही क्यों ना हो। वह दरबार है प्रथम पूज्य भगवान श्रीगणेश का, जो विराजमान है सिद्धिविनायक गणपति मंदिर, जो मुंबई के दादर-प्रभादेवी में काकासाहेब गाडगिल मार्ग और एसके बोले मार्ग के कोने पर स्थित है। जी हां, दो सौ साल पुराना है मुंबई का यह मंदिर, जहां दर्शनमात्र से पूरी हो जाती है हर मनोकामनाएं, मिल जाता है धन-संपत्ति व कृर्ति का वरदान**

सिद्धिविनायक मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि विश्वास, भक्ति, समृद्धि और आधुनिक प्रबंधन का संगम है। यहां आने वाला हर भक्त अपनी आत्मा में दिव्यता का अनुभव करता है और यही है बाप्पा की महिमा—जो हर मनोकामना को पूर्ण करती है। सिद्धिविनायक मंदिर का दरबार हर किसी के लिए खुला है—चाहे अमीर हो या गरीब, बॉलीवुड की हस्तियां हों या आमजन, सब यहां मत्था टेकने आते हैं। यही वजह है कि मुंबई की आर्थिक और सामाजिक हलचल के बीच यह मंदिर एक ऐसा तीर्थ है, जहां भक्ति और विश्वास के सिवाय कुछ भी मायने नहीं रखता। मराठी में बाप्पा को ह्लनवसाला पावणारा गणपतिह्न कहा जाता है—अर्थात जब कोई भक्त सच्चे मन से प्रार्थना करता है, तो बाप्पा उसकी मनोकामना अवश्य पूरी करते हैं। मुंबई जैसे तेज-रफ्तार शहर में सिद्धिविनायक मंदिर आस्था और शांति का वह धाम है, जहां हर भक्त खुद को बाप्पा की शरण में पाकर नतमस्तक हो जाता है। मंदिर में भगवान श्री गणेश के साथ उनकी दोनों पत्नियां ऋद्धि और सिद्धि अगल-बगल है। यही वजह है कि इस मंदिर को सिद्धि विनायक गणपति कहा जाता है।

कहते है दुखहर्ता भगवान श्री गणेशजी के साथ ही इन दोनों की आराधना से न सिर्फ शुचिता, सफलता, धन, सिद्धि और समृद्धि प्राप्त होती है, बल्कि दर्शन मात्र से पूरी हो जाती है हर तरह की मनोकामनाएं। जो यहां आता है वो अपना अस्तित्व भूल जाता है और भगवान सिद्धि विनायक गणपति की महिमा के सामने नतमस्तक होता चला जाता है। किसी मुसीबत से निजात पानी हो या फिर शुरू करना हो कोई भी शुभ काम, भक्त सबसे पहले विनायक के दरबार में आकर शीश झुकाना नहीं भूलते। मुंबई के प्रभादेवी क्षेत्र में कदम रखते ही दूर से ही सिद्धि विनायक मंदिर का कलश नजर आने लगता है और उसके साथ दिखाई देने लगता है वो पवित्र ध्वज जो किसी प्रहरी की तरह अपनी ओर आने वाले हर श्रद्धालु की अगवानी करता है। ये ध्वज मानो बखान कर रहा हो उस परम शक्ति का जिसकी आराधना के बिना किसी भी शुभ काम का आरंभ नहीं होता।

अद्भुत स्वरूप

भगवान गणेश का जैसा मनोरम और अद्भुत रूप यहां देखने के मिलता है वैसा और कहीं नहीं देखने को मिलता। भव्य सिंहासन पर स्थापित ढाई फुट ऊंची और दो फुट चौड़ी प्रतिमा एक ही पत्थर की बनी है। चार भुजाधारी रूप में बाप्पा के एक हाथ में कमल, दूसरे में फरसा, तीसरे में जपमाला और चौथे में मोदक है। यज्ञोपवीत यानी जनेऊ की तरह बाएं कंधे से होते हुए उदर पर लिपटा सांप है और माथे पर एक आंख ठीक उसी तरह सुशोभित है, जैसे शिव की तीसरी आंख। सिद्धिविनायक रूप में विराजमान भगवान श्रीगणेश की सबसे बड़ी विशेषता है इस मूर्ति में बाप्पा की सूंड, जो दुर्लभ मुद्रा में है। आमतौर पर गणपति की सूंड बायीं तरफ मुड़ी होती है लेकिन भगवान सिद्धिविनायक की सूंड दायीं तरफ मुड़ी होने से उन्हें नवसाचा गणपति यानी मन्नत पूरी करने वाले महा गणपति कहा जाता है। गणपति के दोनों ओर रिद्धि और सिद्धि की प्रतिमाएं कुछ इस तरह है जैसे व हपह उन्हीं को निहारती दिखाई देती है। मान्यता है कि यह दृश्य इस बात का प्रतीक हैं कि भगवान श्रीगणेश बुद्धि और पराक्रम देते हैं जबकि रिद्धि-सिद्धि सुख और समृद्धि। भगवान सिद्धिविनायक के पास ही मौजूद है उनके प्रिय वाहन मूषकराज। ऐसी मान्यता है कि अपनी मनोकामना मूषकराज के कान में कह देने से वो जल्द पूरी होती है। भगवान सिद्धिविनायक के मंडप में हनुमान जी भी विराजमान हैं। ऐसा माना जाता है कि कोई अगर हनुमान जी के दर्शन किए बिना चला जाए, को भगवान सिद्धिविनायक की आराधना का पुण्य नहीं मिलता। यही वजह है कि भगवान सिद्धिविनायक के साथ हनुमान जी की आराधना का महत्व.

मान्यता और दर्शन

भक्त मोदक, नारियल और पुष्प अर्पित करना नहीं भूलते। सुबह से ही मंदिर परिसर में ढोल-नगाड़ों की गूंज और भजन-कीर्तन की ध्वनि से वातावरण भक्तिमय हो उठता है। मंदिर के मंडप में हनुमान जी की प्रतिमा भी है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि हनुमान जी के दर्शन किए बिना सिद्धिविनायक की पूजा अधूरी मानी जाती है। मान्यता है कि इस मंदिर के निर्माण में लगने वाली धनराशि एक निःसंतान कृषक महिला ने दी थी, ताकि सिद्धिविनायक के आशीर्वाद से जीवन में कोई भी महिला बांझ न हो और सभी को संतानसुख की प्राप्ति हो.

पौराणिक मान्यता

मान्यता है कि जब सृष्टि की रचना करते समय भगवान विष्णु को नींद आ गई, तब भगवान विष्णु के कानों से दो दैत्य मधु व कैटभ बाहर आ गए। ये दोनों दैत्यों बाहर आते ही उत्पात मचाने लगे और देवताओं को परेशान करने लगे। दैत्यों के आंतक से मुक्ति पाने हेतु देवताओं ने श्रीविष्णु की शरण ली। तब विष्णु शयन से जागे और दैत्यों को मारने की कोशिश की लेकिन वह इस कार्य में असफल रहे। तब भगवान विष्णु ने श्री गणेश का आह्वान किया, जिससे गणेश जी प्रसन्न हुए और दैत्यों का संहार हुआ। इस कार्य के उपरांत भगवान विष्णु ने पर्वत के शिखर पर मंदिर का निर्माण किया तथा भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित की। तभी से यह स्थल सिद्धटेक नाम से जाना जाता है। इस मंदिर की स्थापना 19 नवंबर 1801 को श्री लक्ष्मण विट्ठु और दियोभाई पाटिल ने की थी। आरंभ में यह मात्र 140 वर्गफीट का छोटा सा मंदिर था। 1952 में एल्फिंस्टन रोड के पास खुदाई में हनुमान जी की प्रतिमा मिलने और यहां स्थापित होने से मंदिर का महत्व और बढ़ा। 1965 में वास्तुशास्त्र के अनुकूल हुए पुनर्निर्माण से मंदिर की ख्याति और बढ़ी और इसके बाद भक्तों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं।

वास्तु और भव्यता

मंदिर विदिशा भूखंड पर बना है। भगवान गणेश पूर्वमुखी होकर विराजमान हैं। गर्भगृह का चबूतरा चांदी के मंडप और स्वर्ण शिखर से अलंकृत है। गर्भगृह के लकड़ी के दरवाजों पर अष्टविनायक की झलक और अंदर की छतों पर सोने की परत मंदिर की भव्यता बढ़ा देती है। मंदिर की ऊंचाई लगभग 71 फीट है और चौथे माले पर गणपति की प्रतिमा की प्रतिकृति भी स्थापित है। मुंबई का सिद्धिविनायक मंदिर महाराष्ट्र का दूसरा सबसे अमीर मंदिर है। सालाना आय लगभग 46 करोड़ रुपये है। 125 करोड़ रुपये की फिक्स्ड डिपॉजिट राशि जमा है। हर साल करीब 50 करोड़ रुपये का चढ़ावा आता है। 3.5 किलो वजनी सोने का छत्र प्रतिमा को अलंकृत करता है। ट्रस्ट ने जनकल्याण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। विशेष रूप से सूखा पीड़ितों की सहायता हेतु 34 करोड़ रुपये का दान किया गया।

भीड़ और भक्ति का संगम

प्रत्येक मंगलवार को मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। कतारें रात से ही लग जाती हैं। गणेशोत्सव, संकष्टी चतुर्थी और अंगारकी चतुर्थी के अवसर पर तो मंदिर परिसर का नजारा भक्ति और उत्साह से ओतप्रोत हो जाता है। राजनीति, फिल्म और खेल जगत की हस्तियां—जैसे बाल ठाकरे, अमिताभ बच्चन, सचिन तेंदुलकर—अक्सर यहां दर्शन करते नजर आते हैं।

# लखनऊ में आयेगा राजनाथ के बाद बेटे नीरज का दौर!



-अजय कुमार

उत्तर प्रदेश की राजधानी, हमेशा से भारतीय राजनीति का केंद्र रहा है। यह लोकसभा सीट उतनी ही प्रतीकात्मक है जितनी अहम। अटल बिहारी वाजपेयी जैसे दिग्गज नेता ने यहां से भारतीय राजनीति को नई दिशा दी थी। अटल जी से पूर्व 1952 में विजय लक्ष्मी पंडित,1971 शीला कौल,1977 हेमवती नंदन बहुगुणा,1989 मंधाता सिंह जैसी दिग्गज हस्तियां लखनऊ से चुनाव जीत चुकी थीं। 1991 से यह सीट भाजपा के कब्जे में है । यहाँ के सबसे प्रसिद्ध सांसद पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने इस सीट से आठ बार चुनाव लड़ा। पहली बार उन्होंने 1955 का उपचुनाव लड़ा और तीसरे स्थान पर रहे। फिर 1957 और 1962 में वे दूसरे स्थान पर रहे। इन तीन हार के बाद, उन्होंने लगातार पाँच बार, 1991, 1996, 1998, 1999 और 2004 में, यह सीट जीती। इसके बाद अटल जी ने राजनीति से सन्यास ले लिया और 2009 में उनकी जगह अटल जी के ही करीबी और लखनऊ निवासी लाल जी टंडन ने यह सीट जीती। फिर 2014 में राजनाथ सिंह की बारी आई। रक्षा मंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता राजनाथ सिंह जो 2009 में गाजियाबाद से सांसद थे ने, 2014 के आम चुनाव से इस पर अपनी पकड़ मजबूत बना ली। 20214,2019 और 2024 यानी तीन बार से राजनाथ सिंह यहां से सांसद चुने गये। अब चर्चा इस बात की हो रही है कि 2029 के बाद राजनाथ सिंह सक्रिय चुनावी राजनीति से संन्यास ले लेंगे और उनकी जगह उनके बेटे नीरज सिंह लखनऊ से मैदान में उतरेंगे। मगर सवाल यह है कि नीरज सिंह क्या बीजेपी के अन्य सांसदों के कद के नेता हैं।

बात सांसद राजनाथ सिंह की कि जाये तो राजनाथ सिंह की छवि भारतीय राजनीति में एक अनुशासित, विचारधारा-आधारित और संगठनप्रिय नेता के रूप में हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, पार्टी अध्यक्ष और अब देश के रक्षा मंत्री के रूप में उन्होंने अलग-अलग जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। लखनऊ में उनका व्यक्तित्व अटल बिहारी वाजपेयी की विरासत के उत्तराधिकारी के रूप में देखा जाता है। भाजपा कार्यकताओं और लखनऊ की जनता के बीच उनकी छवि साफ-सुथरे और सरल स्वभाव वाले नेता की है। यही कारण है कि उन्हें यहां से लगातार जीत मिलती रही है, लेकिन राजनीति में उम्र और समय दोनों अहम हैं। राजनाथ सिंह अब सत्तर पार कर चुके हैं और ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि 2029 के बाद वे सक्रिय राजनीति से दूरी बना सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, वे धीरे-धीरे संगठन और परिवार को ज्यादा समय देना चाहते हैं। इन दिनों भाजपा के भीतर और लखनऊ की गलियों में सबसे ज्यादा चर्चा राजनाथ सिंह के बेटे नीरज सिंह की है। नीरज राजनीतिक मंच पर बहुत मुखर नहीं रहे, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से वे लखनऊ में सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। विभिन्न कार्यक्रमों में उनकी मौजूदगी और स्थानीय मुद्दों को उठाने की कोशिश ने यह संकेत दिया है कि वे भविष्य की राजनीति के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं।

लखनऊ की जनता उनके कार्यक्रमों और सक्रियता पर गौर कर रही है। जिन वर्गों से राजनाथ सिंह का सीधा जुड़ाव था, उनसे नीरज भी संवाद स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं। यह माना जा रहा है कि उनकी बढ़ती सक्रियता कहीं न कहीं लखनऊ सीट के भविष्य की तैयारी है। भाजपा में परिवारवाद को लेकर अक्सर सख्त विचारधारा की चर्चा होती है। लेकिन व्यावहारिक स्थिति यह है कि अगर पार्टी आलाकमान को लगता है कि कोई चेहरा जनता के बीच स्वीकार्य है और संगठन के लिए उपयोगी हो सकता है, तो उसे आगे बढ़ने का मौका दिया जाता है। यही कारण है कि नीरज सिंह का नाम बार-बार सुर्खियों में आता है। राजनाथ सिंह की सबसे खास बात यह थी कि वह भले ही बीजेपी के नेता थे,लेकिन उनकी लखनऊ के मुस्लिमों के बीच भी अच्छी विश्वसनीयता थी।

बहरहाल, लखनऊ जैसी प्रतिष्ठित सीट पर भाजपा आलाकमान का निर्णय हमेशा बहुत सोच-समझकर लिया जाता है। यहां पर उम्मीदवार तय करने में केवल स्थानीय ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय समीकरण भी बड़ी भूमिका निभाते हैं। ऐसे में यह मानने की पूरी संभावना है कि 2029 के बाद अगर राजनाथ सिंह चुनाव मैदान से बाहर होते हैं, तो पार्टी के लिए नीरज एक स्वाभाविक विकल्प के तौर पर देखे जाएं। लखनऊ की जनता अपने प्रतिनिधि में व्यक्तित्व, निष्ठा और कार्यक्षमता देखती है। अटल बिहारी वाजपेयी और राजनाथ सिंह जैसे बड़े नेताओं ने इस सीट को केवल चुनावी महत्व ही नहीं बल्कि भावनात्मक और वैचारिक पहचान दी है। लोगों की नजरें इस बात पर टिकी होंगी कि क्या नीरज सिंह इस उच्च स्तर की अपेक्षाओं पर खरे उतर पाएंगे।

नीरज सिंह के पक्ष में जो बात जाती है उसमें युवाओं के बीच उनकी सक्रियता और शिक्षा-सभ्यता पर पकड़ उन्हें आकर्षक बनाती है, लेकिन यह भी सच है कि जनता उन्हें सख्त राजनीतिक परीक्षा में परखने के बाद ही अपना जनप्रतिनिधि मान सकती है। वैसे यहां यह नहीं भूलना चाहियें कि लखनऊ सीट हमेशा विपक्ष के लिए चुनौती भरी रही है। भाजपा की मजबूत पकड़ के बावजूद विपक्ष हर चुनाव में यहां अपनी रणनीति बदलता रहा है। यहां से समय-समय पर कई दिग्गज बीजेपी प्रत्याशी के खिलाफ ताल ठोक चुके हैं। बीजेपी आलाकमान के सामने समस्या यह है कि अगर 2029 में भाजपा नीरज सिंह को मैदान में उतारती है, तो विपक्ष इसे परिवारवाद का मुद्दा बनाकर भुनाने की कोशिश कर सकता है। हालांकि भाजपा का संगठनात्मक ढांचा और राजनाथ सिंह की वर्षों की साख नीरज को एक मजबूत शुरूआती आधार जरूर देंगे।

राजनीति में भविष्यवाणी करना कठिन है, लेकिन संकेत यही हैं कि आने वाले वर्षों में नीरज सिंह लखनऊ की राजनीति में और केंद्रीय भूमिका निभा सकते हैं। अगर राजनाथ सिंह 2029 के बाद सक्रिय राजनीति से दूर होते हैं, तो लखनऊ की जनता और भाजपा संगठन की नजरें नीरज पर टिकी होंगी। लखनऊ की जनता के लिए राजनाथ सिंह का प्रतिनिधित्व एक गौरव का हिस्सा रहा है। अब सवाल यह है कि क्या यह विरासत उनके बेटे नीरज सिंह संभालेंगे। 2029 का चुनाव लखनऊ की राजनीति के लिए केवल एक और चुनाव नहीं, बल्कि एक बड़े नेतृत्व परिवर्तन का संकेतक हो सकता है। समय बताएगा कि नीरज सिंह वास्तव में जनता के दिलों में वही जगह बना पाएंगे या नहीं, जो अब तक उनके पिता ने बनाई है।

## नगरसेवक दरोगा पांडे के पिता सूर्यमणि पांडे का निधन



**भायंदर (उत्तरशक्ति)।** मीरा भायंदर के भाजपा नगरसेवक तथा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष दरोगा पांडे के पिता सूर्यमणि पांडे का 71 वर्ष की उम्र में निधन होने की खबर से शहर में शोक की लहर दौड़ गई। वे काफी दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। वे अपने पीछे दो बेटे दरोगा पांडे तथा भवन पांडे समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए। आज सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान गणेश देवल नगर से स्मशान भूमि तक अंतिम यात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए। उनके निधन पर महाराष्ट्र के पूर्व गृहराज्य मंत्री कृपाशंकर सिंह, विधायक नरेंद्र मेहता, राहुल एजुकेशन के चेयरमैन लल्लन तिवारी, भाजपा नेता एडवोकेट रवि व्यास, शिवसेना नेता विक्रम प्रताप सिंह, उत्तर भारतीय मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुरेश सिंह, नगरसेवक मनोज रामनारायण दुबे, नगरसेवक मदन सिंह नगरसेवक मुन्ना सिंह, नगरसेवक सुरेश खंडेलवाल, नगरसेवक विजय राय, वरिष्ठ पत्रकार शिवपूजन पांडे, पत्रकार राजेश उपाध्याय समेत अनेक लोगों ने गहरा दुख प्रकट करते हुए उनकी आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की है।

## सौभाग्यवती महिलाओं का पवित्र त्यौहार है तीजः प्रदीप शर्मा



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** मुंबई जानी मानी सामाजिक धार्मिक व शैक्षणिक संस्था पीएस फाउंडेशन और जननी शक्ति महिला मंडल के संयुक्त तत्वधान में अँधेरी पूर्व में पम्प हाउस के शनि मंदिर में तीज का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए पीएस फाउंडेशन के अध्यक्ष और पूर्व पुलिस अधिकारी प्रदीप शर्मा ने हजारों महिलाओं को शुभकामनाएं प्रदान देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश, बिहार व छत्तीसगढ़ की परंपरा तीज और कजरी को आप लोगों ने मुंबई महानगर में जीवित रखा है। सब बधाई के पात्र है और यह बहुत ही सराहनीय है। स्वावलंबन समिति की अध्यक्षता स्वीकृति प्रदीप शर्मा ने सभी बहनों को अखंड सौभाग्यवती बनें रहने के लिए भगवान शिव से प्रार्थना की। तीज की सभी को अपनी शुभकामनाएं प्रदान किया। आयोजिका पुष्पा त्रिपाठी के कार्यों की भी सराहना की गई। मंच का संचालन रमेश चौबे ने किया। इस अवसर पर अधिवक्ता संदीप शुक्ला,प्रमोद श्यामाचरण पांडेय,ब्राम्हण स्वाभिमान संघ के अध्यक्ष विनोद तिवारी, भाजपा नेता जगत गौतम ,इन्द्रसेन उपाध्याय समेत बड़ी संख्या में महिला पुरुष मौजूद थे।

## उल्हासनगर में आपसी रंजिश में चली गोली, एक आरोपी गिरफ्तार



**उल्हासनगर (उत्तरशक्ति)।** उल्हासनगर के साई कॉलोनी क्षेत्र में बुधवार देर रात शाले और जीजा की आपसी रंजिश के चलते शाले ने जीजा और उसके एक दोस्त पर फायरिंग की इतना ही नही धारदार शास्त्रों से भी हमला किया गया इस घटना से शहर में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार, मोनू शेख और उसके जीजा योगेश मिश्रा के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते रात करीब साढ़े दस बजे योगेश मिश्रा अपने एक साथी धीरज विट्ठल के साथ जा रहे थे, तभी मोनू शेख अपने कुछ साथियों के साथ वहां पहुंचा और दोनों पर हमला कर दिया। हमले में योगेश मिश्रा पर बंदूक से गोली चलाई गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी हालत नाजुक है। धीरज विट्ठल पर चाकू से वार किया गया। घटना के बाद हिल लाइन पुलिस ने आरोपी जुनेद शेख (19) को गिरफ्तार कर लिया, जबकि मोनू शेख और इकबाल शेख फरार हैं। पुलिस ने हमले में इस्तेमाल चाकू भी जब्त किया है और क्राइम ब्रांच टीम फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## श्रीराम फार्म सोल्यूशन्स ने लॉन्च किए क्रॉप प्रोटेक्शन एवं स्पेशलिटी प्लांट न्यूट्रिशन के आधुनिक उत्पाद

**मुंबई/बेगूसराय।** श्रीराम फार्म सोल्यूशन्स ने होटल मौर्या, पटना, बिहार में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान क्रॉप प्रोटेक्शन, स्पेशलिटी प्लांट न्यूट्रिशन एवं वैजीटेबल सीड सेगमेंट में नए दौर के 6 प्रोडक्ट्स का लॉन्च किया, जहां क्षेत्र के 125 से अधिक प्रमुख चैनल पार्टनर्स इन आधुनिक समाधानों के उद्घाटन के अवसर पर इकट्ठा हुए। इतना ही नहीं, इन चैनल पार्टनर्स एवं ऑनलाइन व्यूअर्स ने श्रीराम सुपर व्हीट सीड स्कीम के भव्य पुरस्कार समारोह में भी हिस्सा लिया।

भारतीय किसानों की जरूरतों और स्थायी कृषि के राष्ट्रीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए कंपनी दो आधुनिक लिक्विड फर्टीलाइज़र लेकर आई है- श्रीराम पिकासोल और श्रीराम मैगनिका।

## भारत में मनोरंजन को दी नई परिभाषाः टुकटुकी ने 2 मिनट के एपिसोड वाला माइक्रो-ड्रामा एप किया लॉन्च


**मुंबई/पटना।** भारत के पहले होमग्रोन वर्टिकल फॉर्मेट-ओनली माइक्रो-ड्रामा मोबाइल एंटरटेनमेंट ऐप्स में से एक, टुकटुकी ने आज आधिकारिक तौर पर अपना ऐप लॉन्च किया। इसमें देशभर के दर्शकों के लिए छोटी, पारिवारिक ड्रामा सीरीज उपलब्ध होंगी।

टुकटुकी एंटरटेनमेंट की संस्थापक, अंशिका कुलश्रेष्ठ ने कहा, टुकटुकी सिर्फ एक ऐप नहीं है, बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक विविधता और कहानियों की भावना का उत्सव है। हमारा लक्ष्य देश के हर कोने में दर्शकों के लिए प्रामाणिक, भरोसेमंद और अच्छी क्वालिटी वाला मनोरंजन लाना है। भारत में माइक्रो-ड्रामा का उदय भारत में शॉर्ट-फॉर्म वीडियो तेजी से बढ़ रहे हैं, जिसकी वजह मोबाइल-फर्स्ट व्यूइंग की आदतें और तुरंत, भरोसेमंद कहानियों की बढ़ती मांग है।

# विरार दुर्घटना स्थल पर आपदा प्रबंधन मंत्री गिरीश महाजन का दौरा

### मृतकों के परिजनों को 5 लाख रुपये की सरकारी मदत की घोषणा







**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** पालघर जिले के विरार स्थित रमाबाई अपार्टमेंट हादसे के बाद राज्य के आपदा प्रबंधन एवं जलसंपदा मंत्री गिरीश महाजन ने दुर्घटनास्थल का दौरा कर राहत व बचाव कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मृतकों के परिजनों को राज्य सरकार की ओर से 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की।

यह हादसा गणेश चतुर्थी की पूर्व संध्या पर 26 अगस्त की मध्यरात्रि को विजय नगर इलाके में हुआ, जब रमाबाई अपार्टमेंट नामक चार मंजिला इमारत का पिछला हिस्सा अचानक ढह गया। इस दर्दनाक घटना में 17 लोगों की मौत हुई, जिनमें 6 महिलाएँ, 8 पुरुष और 3 बच्चे शामिल हैं। वहीं 9 लोग घायल हैं, जिनका इलाज महानगरपालिका और निजी अस्पतालों में चल रहा है। मंत्री गिरीश महाजन ने दुर्घटनास्थल पर पहुंचकर मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। इसके साथ ही वे घायलों से मिलने अस्पताल भी पहुंचे और उनकी स्थिति की जानकारी ली। हादसे की जानकारी मिलते ही वसई-विरार महानगरपालिका के आपदा प्रबंधन दल, अग्निशमन विभाग, एनडीआरएफ, पुलिस और राजस्व प्रशासन की टीमों ने मौके पर पहुँचकर युद्धस्तर पर बचाव अभियान शुरू किया। घटनास्थल पर जिलाधिकारी डॉ. इंदुरानी जाखड़, वसई-विरार मनपा आयुक्त मनोज सूर्यवंशी सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। इमारत में कुल 50 फ्लैट थे, जिनमें से लगभग 12 फ्लैट हादसे में ढह गए। आसपास की चॉल और इमारतों को भी खतरा होने के कारण तुरंत खाली करवाया गया। लोगों के सुरक्षित स्थान पर अस्थायी ठहरने और भोजन की व्यवस्था समाज मंदिर, विरार पूर्व में की गई है। मृतकों के अंतिम संस्कार की जिम्मेदारी भी प्रशासन ने संभाली है, और जिनके परिजन शव अपने पैतृक गांव ले जाना चाहते हैं, उनके लिए परिवहन की व्यवस्था की गई है। विरार पुलिस ने हादसे के लिए जिम्मेदार बिल्डर और जमीन मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया है। मंत्री गिरीश महाजन ने यह भी निर्देश दिए कि घायलों के इलाज का पूरा खर्च महानगरपालिका प्रशासन उठाए। इस अवसर पर सांसद डॉ. हेमंत सवरा, विधायक स्नेहा दुबे, विधायक राजन नाईक, वसई-विरार महानगरपालिका आयुक्त मनोज सूर्यवंशी और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

## समाजसेवी आरडी सिंह के घर पहुंचकर अमित साटम ने लिया गणपति बप्पा का आशीर्वाद



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** महाराष्ट्र में चल रहे गणेशोत्सव के बीच भारतीय जनता पार्टी के मुंबई अध्यक्ष अमित साटम ने पहले दिन अधिकार फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा सुपर प्रोटक्शन सिक्योरिटी कंपनी के मालिक समाजसेवी आरडी सिंह के विलेपार्ले पश्चिम के कृपा प्रसाद बिल्डिंग में स्थित आवास पर बप्पा का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर अमित साटम ने कहा कि मुंबई के साथ-साथ पूरे देश में आज बप्पा का आगमन हुआ है ।पूरा देश गणपति बप्पा की भक्ति में डूबा हुआ है। उन्होंने गणपति बप्पा से देश की खुशहाली तथा तरक्की की प्रार्थना की।

आरडी सिंह तथा उनकी धर्मपत्नी पूनम सिंह ने अमित साटम का शाल व श्रीफल देकर सम्मान किया। इस अवसर पर आरडी सिंह की सुपुत्री अंजली सिंह, नम्रता सिंह तथा परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## अखिल भारत नेपाली एकता समाज द्वारा प्रगतिशील तीज का भव्य आयोजन



**पालघर(उत्तरशक्ति)।** अखिल भारत नेपाली एकता समाज, तारापुर नगर समिति के महिला विभाग द्वारा बुधवार 27अगस्त 2025 को प्रगतिशील तीज कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अखिल भारत नेपाली एकता समाज के केन्द्रीय सचिवालय सदस्य गोविंद थापा ने दीप प्रज्वलित कर किया। अध्यक्षता महिला विभाग की संयोजक सुनीता पुन ने की, जबकि संचालन साती थापा ने किया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में मुम्बई महानगर महिला विभाग की संयोजक रेणुका कंवर, केंद्रीय सदस्य टंक कुवर, मुम्बई क्षेत्रीय अध्यक्ष श्याम थारामु, तारापुर नगर अध्यक्ष खड़क राई, रायगढ़ नगर के सोनु थापा, मुम्बई नगर के चरन सुबेदी, चरन सिंह सहित विभिन्न नगर, क्षेत्रीय समिति एवं विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे ।कार्यक्रम में स्वागत भाषण लोकमणि पांडेय ने दिया। मंच पर कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर बड़ी संख्या में उपस्थित जनसमुदाय का मनोरंजन किया गया ।मुख्य अतिथि गोविंद थापा ने कहा कि भारत में रह रहे नेपाली मूल के लोगों के हितों की रक्षा के लिए अखिल भारत नेपाली एकता समाज निरंतर संघर्षरत है। उन्होंने वर्ष 1940 की संधि का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत में बसे नेपाली लोगों को रोजगार, व्यवसाय और बैंक खाते सहित अन्य अधिकार सुनिश्चित किए जाने की आवश्यकता है।

इसी प्रकार महिला विभाग की संयोजक रेणुका कंवर ने भारत में रह रही नेपाली महिलाओं की समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संगठन हमेशा पीड़ित बहनों के साथ खड़ा है। उन्होंने सभी महिलाओं से संगठन से जुड़कर संगठित संघर्ष करने की अपील की। कार्यक्रम के दूसरे चरण में समाज के वरिष्ठ योगदानकताओं लीला साह मगर, धनबहादुर केसी और तारापुर नगर समिति के खड़क राई को स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने कहा कि मात्र दस दिन की तैयारी के बावजूद कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा। इसके लिए सभी स्वयंसेवकों, कलाकारों तथा तारापुर वासियों, बहनों और माता-पिता द्वारा दिए गए आर्थिक, नैतिक और भौतिक सहयोग हेतु आभार प्रकट किया।

## डॉ. रामप्रवेश आर.यादव को 2025 के राष्ट्रीय भारत भूषण और महाराष्ट्र रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** पूर्वी उपनगर के चेंबूर इलाके के जाने माने विज्ञान शिक्षक डॉ रामप्रवेश आर यादव को महाराष्ट्र रत्न पुरस्कार ( आनंदी यूनिवर्स) फाउंडेशन पुणे की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए गत दिनों सम्मानित किया गया। इसके अलावा डॉ .यादव को राष्ट्रीय भारत भूषण पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। उक्त पुरस्कार समारोह साऊ ज्योति फाऊंडेशन द्वारा २४ अगस्त २०२५ को पुणे के सदाशिव पेठ में स्थित भारत इतिहास संशोधन मंडल के सभागृह मे आयोजित किया गया था ।खास बात यह है कि डॉ रामप्रवेश यादव मुंबई विद्यापीठ से पीएच.डी, एम.फील , भौतिक विज्ञान से एम.एससी, एम.एड, पी.जी. डी. एच. ई, डी.एस.एम. के साथ एल.एल.बी. की डिग्री हासिल कर चुके हैं। वे चेंबूर के एक जाने माने संस्थान में विज्ञान के शिक्षक व प्राध्यापक है। डॉ .यादव ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्रो में १५ से अधिक शोध पत्र प्रकाशन कर चुके है और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने शोध मार्ग दर्शक के रूप मे कार्यरत है ।

पिछले डेढ़ दशक से महाराष्ट्र सरकार के शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित की जाने वाली विज्ञान प्रदर्शनी में तालुका स्तर से लेकर जिला स्तर की विज्ञान प्रदर्शनी में अनेक पुरस्कार हासिल कर चुके हैं। महाराष्ट्र रत्न और राष्ट्रीय भारत भूषण पुरस्कार मिलने पर बड़ी संख्या में छात्रों और शिक्षकों ने डॉ रामप्रवेश यादव को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।



गिरिराज डेवलपर्स के निदेशक एवं समाजसेवी धर्मेश भूपत गिरि एवं भावेश गिरि के विद्याविहार स्थित आवास पर श्री गणेश की स्थापना हर साल तरह की गई है। इस गणेशोत्सव के दौरान सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने गणपति बप्पा के दर्शन किए। गिरि परिवार ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया।

## धामनकर नाका मित्र मंडल गणेशोत्सव 'एकात्मता चा राजा' की छटा देश विदेश में देखी जा रही

### 130 फीट ऊंचा इस्कान मंदिर दर्शनार्थियों के लिये तैयार



**आचार्य सूरजपाल यादव**

**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** भिवंडी जैसे संवेदनशील शहर में सांप्रदायिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत धामनकर नाका मित्र मंडल का 37वां सार्वजनिक गणेशोत्सव मातोश्री वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को प्रथम दर्शन कराकर बड़े उत्साह के गणेशोत्सव की शुरूआत की गयी। इस वर्ष मंडल अध्यक्ष संतोष शेट्टी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश वृंदावन (मथुरा) के इस्कॉन चंद्रोदय मंदिर की हूबहू पर्यावरणपूरक 130 फीट ऊंची प्रतिकृति बनाई गई है। मंदिर के प्रांगण में पर्यावरण कागज की लुगदी और शाडू मिट्टी से बनी भगवान गणेश की 14 फीट ऊंची मूर्ति स्थापित की गई है। भगवान गणेश को 25 किलो चांदी से बने आभूषणों से सजाया गया है जिसकी छटा लाइव के माध्यम से देश विदेश में देखी जा रही है। गणेशोत्सव का उद्घाटन वरिष्ठ नेता आर. सी. पाटिल ने किया वहीं गणेश भक्तों की सुरक्षा के लिए लगाए गए 25 सीसीटीवी कैमरों का उद्घाटन पुलिस उपायुक्त शशिकांत बोराटे ने किया। इस अवसर पर विधायक महेश चौघुले, सहायक पुलिस आयुक्त विजय मराठे, भोईवाड़ा पुलिस थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक रत्नपारखी, पर्भाग समिति-3 के सहायक आयुक्त सुरेंद्र भोईर और भिवंडी इस्कॉन मंदिर के प्रमुख श्री सुदामा उपस्थित थे। पुलिस उपायुक्त शशिकांत बोराटे ने मंडल के माध्यम से गणेशोत्सव के दौरान चलाए जा रहे समाज सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए शहर में गणेशोत्सव को उत्साह के साथ-साथ शांतिपूर्वक मनाने की अपील की। ??वहीं आर. सी. पाटिल ने कहा कि मंडल ने शहर के विकास में योगदान दिया है और नागरिकों से शहर के समग्र विकास के लिए पहल करने की अपील की। इस अवसर पर मातोश्री वृद्धाश्रम मंडल को दवाइयों सहित खाद्य सामग्री के 37 सेट भेंट किए गए। इस अवसर पर पुणे से आए एंजेल्स डांस ग्रुप के बाल कलाकारों ने नृत्य प्रस्तुति किया। संतोष शेट्टी ने बताया कि मथुरा वृंदावन में इस्कॉन चंद्रोदय मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा है जिसे पूरा होने में कुछ समय लगेगा। इससे पहले हमने भिवंडी में गणेश भक्तों के लिए रंगीन कपड़े, लकड़ी व बांस का उपयोग करके 130 फुट ऊँची पर्यावरण-अनुकूल प्रतिकृति बनाई है। सरकार के निदेशानुसार 14 फुट ऊँची गणेश प्रतिमा को भी पर्यावरण-अनुकूल बनाया गया है। मंडल द्वारा शुरू की गई परंपरा को शहर के अन्य सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडलों द्वारा भी अवश्य अपनाया जाएगा। गणेशोत्सव के दौरान रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को 10 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा उपहार दिया जाएगा। इसी तरह नेत्र उपचार शिविर में मोतियाबिंद का मंडल द्वारा मुफ्त आपरेशन किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरूआत में मंडल के पदाधिकारी राजेश शेट्टी, तारू जाधव, संतोष जम्पाल, राकेश पटवारी, रवि गुज्जा के द्वारा अतिथियों को सम्मानचिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## कामत्स लेगेसी में भव्य ओणम साध्य, केरल के स्वाद से सराबोर मुंबई

**मुंबई।** मुंबईवासियों के लिए इस ओणम का जश्न और भी खास होने वाला है। प्रसिद्ध भारतीय शाकाहारी रेस्तरां चेन कामत्स लेगेसी अपने ग्राहकों के लिए लेकर आया है पारंपरिक ओणम साद्या केले के पत्ते पर परोसा जाने वाला पारंपरिक केरलियन भोज, जो त्यौहार की सच्ची झलक प्रस्तुत करता है। यह भव्य आयोजन २९ अगस्त से ५ सितम्बर २०२५ तक चलेगा और इसका आनंद ग्राहक वाशी, नरीमन प्वाइंट, मालाड और मीरा रोड स्थित सभी आउटलेट्स पर ले सकते हैं।

केवल ८९९ में उपलब्ध यह ओणम साध्य सिर्फ भोजन नहीं बल्कि परंपरा, संस्कृति और त्योहार के जश्न से भरा अनुभव है। इसमें मेहमानों को २० से अधिक व्यंजन परोसे जाएंगे जिनमें कुरकुरी केले की चिप्स, तीखे अचार, स्वादिष्ट करी, सांभर, मलाईदार पायसम और अन्य लजीज पकवान शामिल होंगे।

इस अवसर पर डॉ. विक्रम कामत, चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर द विट्सकामत्स ग्रुप ने कहा, ओणम खुशी, समृद्धि और एकता का प्रतीक है। कामत्स लेगेसी में हमें गर्व है कि हम यह प्रामाणिक भोजन परंपरा अपने मेहमानों तक पहुँचा पा रहे हैं। साद्या सिर्फ भोजन नहीं, यह संस्कृति, विरासत और समुदाय की भावना का उत्सव है।

वहीं, पंकज देवकर, वाइस प्रेसिडेंट ऑपरेशन्स, कामत्स लेगेसी ने बताया, हर साल हमारी ओणम साद्या को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिलती है और इस साल हमने इसे और खास बनाने का प्रयास किया है। परंपरागत रेसिपी और असली मसालों से तैयार किए गए व्यंजन मेहमानों को मुंबई में ही केरल का असली स्वाद देंगे। इस भव्य साध्य में उप्पेरी, शर्करा वरट्टी, इंजी पुड़ी, पचड़ी, अवियल, कूटू करी, एरिस्सेरी, परिप्पु करी, रस्सम, मोरू करी और पायसम जैसे प्रसिद्ध पकवान शामिल होंगे। हर डिश केरल की समृद्ध पाक परंपरा और आत्मीयता का अनुभव कराएगी।

ग्राहकों को अग्रिम बुकिंग की सलाह दी गई है ताकि अंतिम समय की परेशानी से बचा जा सके। मेहमानों की मांग पर आयोजन की अवधि २ दिन और बढ़ाने की भी योजना है।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय:
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति, समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालयः मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com

# पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेसियों ने जोरदार प्रदर्शन कर भारी हुंकार

## पीड़ित परिवारों को सरकारी नौकरी, 50-50 लाख रुपए और सरकारी आवास उपलब्ध कराये सरकारः डा.प्रमोद कुमार सिंह

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। शहर में बिजली के करेन्ट और नाले में बह जाने से तीन लोगों की मौत से आक्रोशित कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं ने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डा.प्रमोद कुमार सिंह के




नेतृत्व में कलेक्टर परिसर में पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने के लिए एवं दोषी बिजली विभाग तथा नगरपालिका के अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने के लिए धरना प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। धरना प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष डा.प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि प्रशासनिक लापरवाही और अधिकारियों की अकर्मण्यता ने तीन लोग दर्दनाक तरीके से बेमौत मारे गये। घटना में जिन तीन लोगों की मौत हुई है उनमें ई-रिक्शा चालक शिवा गौतम, समीर और प्राची मिश्रा अपने परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे।जिन्हें लापरवाह अधिकारियों के कारण अपनी जान गंवानी पड़ी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि सरकार त्वरित रूप से जांच कराकर दोषी बिजली विभाग और नगरपालिका के अधिकारियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जाना ही न्यायोचित है। जिससे भविष्य में अन्य कोई भी व्यक्ति प्रशासनिक लापरवाही का शिकार न हो। कांग्रेस अध्यक्ष डा. प्रमोद सिंह ने सरकार से मांग किया कि पीड़ित परिवारों को पचास-पचास लाख रुपये की आर्थिक सहायता, परिवार के एक-एक सदस्य को सरकारी नौकरी एवं तीनों पीड़ित परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अविलम्ब आवास उपलब्ध कराया जाए।

शहर कांग्रेस कमेटी जौनपुर के अध्यक्ष आरिफ खान ने धरना प्रदर्शन का संचालन करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी पीडित परिवारों को न्याय मिलने तक संघर्ष करती रहेगी। आरिफ खान से प्रशासनिक अधिकारियों और सत्ता पक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि घटना के तीन दिनों तक जनपद का कोई भी बड़ा अधिकारी और सरकार के मंत्री और विधायक पीड़ित परिवारों के घर न जाकर अपनी तानाशाही और लापरवाही को उजागर किया है। आरिफ खान ने भरोसा दिलाते हुए कहा कि कांग्रेस कि हर एक कार्यकर्ता पीड़ितों के साथ खड़ा है। इस मौके पर कांग्रेस प्रदेश सचिव पंकज सोनकर, देवराज पांडेय, विनय तिवारी, शेर बहादुर सिंह, अरुण शुक्ला, राकेश सिंह डब्बू, इरशाद खान,यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संदीप सोनकर, जयप्रकाश मिश्रा, अनिल सिंह, रामसिंह बांकुरे, विजय प्रजापति, विजय यादव, वरुणा शंकर चतुर्वेदी, प्रवेश निषाद, अश्वनी मौर्या,संदीप निषाद, अभिनव सिंह शनी,अरविंद यादव, ओंमकार यादव, शहनवाज मंजूर, ताहिर, राजकुमार निषाद, रोहित सोनकर,बेलाल नदीम, सरफराज हुसैन, इकबाल, विनय विश्वकर्मा संहित लोग मौजूद रहे।

# लापरवाही से हुई मौत पर भड़के अजय राय, मृतकों के परिजनों से मिले

डॉ.इम्तियाज अहमद

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। मछलीशहर पड़ाव पर नगर पालिका और बिजली विभाग की घोर लापरवाही के कारण एक युवती समेत तीन लोगों की दर्दनाक मौत की घटना ने पूरे जिले को झकझोर दिया है। इस हादसे की जानकारी मिलते ही मंगलवार की शाम कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय जौनपुर पहुंचे और मृतकों के परिवारों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। अजय राय ने घटना के लिए सीधे तौर पर क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश सरकार के मंत्री गिरीश यादव को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि यह मौतें सिस्टम की नाकामी का परिणाम हैं। उन्होंने मांग की कि मृतकों के परिवार को कम से कम 50-50 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाए और प्रत्येक परिवार से एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी प्रदान की जाए। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने सबसे पहले



कुल्हनामऊ जाकर दिवंगत आटो चालक शिवा के घर पहुंचकर परिवार को ढांढस बंधाया। इसके बाद शाही ईदगाह के पास दिवंगत समीर के परिजनों से मुलाकात की और फिर मियापुर पहुंचकर दिवंगत प्राची मिश्रा के घर पर जाकर शोक संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है और जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलता, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। ज़िला कांग्रेस अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद आरिफ खान,शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष शाहनवाज मंजूर, अबूजर शेख सभासद, वरुणा शंकर चतुर्वेदी, प्रदेश सचिव पंकज सोनकर, विनय तिवारी, अरुण शुक्ला, बेलाल नदीम, सरफराज हुसैन, राकेश सिंह डब्बू, साद खान आदि मौजूद रहे।

# अंतिम यात्रा भी नाव पर

## बाढ़ की ये तस्वीर दिल दहला देगी, बाढ़ से डूबे शमशान घाट

प्रयागराज(उत्तरशक्ति)। संगम नगरी प्रयागराज में गंगा और यमुना का रौद्र रूप एक बार फिर देखने को मिल रहा है।बाढ़ से सभी घाट और कई सड़कें जलमग्न हो गई हैं।जिन रास्तों पर कभी गाड़ियां दौड़ती थीं, वहां अब नावें चल रही हैं। दर्जनों मोहल्लों में पानी भर गया है। बाढ़ का कहर रसूलाबाद श्मशान घाट में भी दिख रहा कि कैसे पूरा घाट डूब चुका है। जहां शव और लकड़ियाँ नाव से पहुंचाई जा रही हैं। श्मशान पर सीमित जगह बची है, एक साथ 4-5 शवों का ही अंतिम संस्कार हो पा रहा है। पंडा अभिमन्यु तिवारी के अनुसार 'पानी का स्तर ऐसे ही बढ़ा तो रसूलाबाद घाट पर अंतिम संस्कार बंद करना पड़ेगा। इसके बाद विद्युत शवदाह गृह ही विकल्प होगा।




# नगर के शास्त्री पुल से 3 साल के बच्चे संग मां ने गोमती नदी में लगाई छलांग

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। ताजा मामला जौनपुर शहर के शास्त्री पुल का है। बुधवार की शाम करीब 7 बजे पुल से एक मां ने अपने 3 वर्ष के बच्चे संग गोमती नदी में कूद गई। नदी में कूदते ही मासूम बच्चा तो डूब गया। नदी किनारे रही लड़कियों ने यह दृश्य देखा तो तुरंत नाव लेकर नदी के बीच धारा में पहुंची और महिला को बचा लिया। पूछताछ में महिला ने अपना नाम नूरजहां बेगम पत्नी राजू मोहम्मद निवासी ऊछह वाराणसी बताया। हालांकि महिला प्रयागराज में रह रही थी। वह जौनपुर कैसे आयी, वह कुछ बताने को तैयार नहीं थी। बहादुर लड़कियां रीमा, चांदनी, निशा, अंजलि के परिजनों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना पर चौकी प्रभारी सिपाह आलोक त्रिपाठी मौके पर पहुंचे। हालांकि बच्चे का शव समाचार लिखे जाने तक नहीं मिल सका था। महिला ने छलांग क्यों लगाई, इसका कारण भी अभी स्पष्ट नहीं हो सका।

# रिहायशी कच्चा मकान अचानक गिरकर हुआ ध्वस्त, हजारों रुपये मूल्य की सम्पत्ति हुई नष्ट

## जिला पंचायत सदस्य पति प्रतिनिधि डाक्टर पप्पू सरोज व लेखपाल ने पहुंचकर जाना हाल, हर सम्भव मदद करने का दिया आश्वासन

केराकत, जौनपुर(उत्तरशक्ति)। केराकत विकास खण्ड क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव में बुधवार की रात्रि आफताब अन्सारी नामक व्यक्ति का रिहायशी कच्चा मकान अचानक गिर कर ध्वस्त हो गया। जानकारी अनुसार मकान गिरने से उसमें रखा गेहूं चावल बर्तन कपड़े सहित घर गृहस्थी से सम्बन्धित अन्य हजारों रुपये मूल्य की सम्पत्ति नष्ट हो गयी। घर में बांधे गये 4 पालतू पशु बकरे भी दबकर घर के मलबे में चोटिहिल हो गये।



जिन्हें पड़ोसी ग्राम वासियों की मदद से बाहर निकाल कर इलाज कराया गया। सूचना मिलने पर जिला पंचायत सदस्य पति प्रतिनिधि डाक्टर पप्पू सरोज व हल्का लेखपाल ने मौके पर पहुँच कर छानबीन कर प्रशासन को अवगत कराया गया। रिहायशी मकान गिरने से पीड़ित परिवार के समक्ष गम्भीर समस्या उत्पन्न हो गयी है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य पति प्रतिनिधि डाक्टर पप्पू सरोज नें कहा कि मुझसे जोभी मदद होगा मेरे द्वारा सरकारी सहयोग दिलानें में मैं पूरी कोशिश करूंगा।

# लंका थाने के सिपाही ने दो सीनियर साथियों पर मारपीट का लगाया आरोप

वाराणसी (उत्तरशक्ति)। वाराणसी के लंका थाने में तैनात सिपाही मनोज कुमार सिंह ने अपने ही दो सीनियर सिपाहियों पर गाली-गलौज और मारपीट का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित सिपाही ने इस संबंध में थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।सेना से रिटायर होकर यूपी पुलिस ज्वाइन की। कॉन्स्टेबल मनोज कुमार सिंह का कहना है कि वे वर्ष 2019 में सेना से रिटायर हुए थे। इसके बाद 2021 में उन्होंने यूपी पुलिस ज्वाइन किया और ट्रेनिंग पूरी होने के बाद उनकी पोस्टिंग लंका थाने में हुई। मनोज के अनुसार, बुधवार रात 9 बजे के बाद सीनियर सिपाही भानु प्रताप और दुर्गेश ने उन्हें थाने के पीछे बुलाया। वहां दोनों शराब पी रहे थे। मनोज का आरोप है कि उन्हें देखते ही दोनों गाली देने लगे। विरोध करने पर दुर्गेश ने उनकी गर्दन पकड़कर जमीन पर गिरा दिया और दोनों ने मिलकर पीटना शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर किसी तरह जान बचाई।

**वीडियो बनाने पर फिर हमला:** मनोज ने बताया कि घटना का वीडियो बनाने की कोशिश की तो दोनों सिपाहियों ने फिर से मारपीट शुरू कर दी। किसी तरह वहां से भागकर वे थाने पहुंचे और थाना प्रभारी राजकुमार शर्मा को पूरी घटना बताई। साथ ही एक लिखित प्रार्थना पत्र भी सौंपा। थाना प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आगे उचित कार्रवाई की जाएगी।

## 40 हजार कैश और जेवर लेकर भाभी चम्पत

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। जिले में सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के नेवादा ईश्वरी सिंह निवासी मगन गुप्ता पुत्र राम नरायन गुप्ता ने अपने भाभी सोनी गुप्ता पत्नी दिनेश गुप्ता के जेवर और नकद के साथ चम्पत हो जाने की आज गुरुवार को कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी है। कोतवाली में दर्ज गुमशुदगी के अनुसार सोनी गुप्ता अपने साथ 40 हजार नकद और 50 हजार के जेवर भी ले गयी है। मगन गुप्ता ने बताया कि बीते 25 अगस्त को जब मैं अपने भाभी सोनी गुप्ता व उसके एक वर्षीय पुत्र को दवा दिलवाने जिला चिकित्सालय ले गया और वहां दवा लेने के बाद भाभी ने कहा कि मै कुछ सामान बाहर से लेकर आती हूं किन्तु वापस नहीं आयी। काफी खोजबीन करने और इन्तजार के बाद जब वापस नही लौटी तो पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर घटना से अवगत कराया। मगन ने बताया कि उनका भाई मुम्बई में रहता है चार सितम्बर को रिजर्वेशन था मै भाभी को उस दिन लिवाकर मुम्बई जाने वाला था कि वे गायब हो गयी।



# अभिनव की हत्या के साजिशकर्ता पर पुलिस की दया दृष्टि, अन्य 2 आरोपी भेजे गए जेल

मछलीशहर, जौनपुर(उत्तरशक्ति)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के छांछो गांव में 20 जुलाई को गांव के ही एक 15 वर्षीय छात्र अभिनव उर्फ अभि का शव नदी में पाया गया। कक्षा नौ के छात्र का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से क्षेत्र में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान कि दिलीप शुक्ला के पुत्र 14 वर्षीय अभिनव शुक्ला उर्फ.अभि के रूप में हुई है, जो 20 सितंबर दिन रविवार से ही घर से लापता था।

**अपने अवैध संबंधों की पोल खुलने के डर से घटना को दिया अंजाम**

सोमवार की सुबह ग्रामीणों ने गांव स्थित पंधारी यादव की पेट्रोल टंकी के पीछे नाला में शव पड़ा देखा तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। मौके पर पहुंची मछलीशहर कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आनन-फानन में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। गायब होने वाले दिन अभिनव के साथ गांव के ही रिश्ते में लगने वाले मौसा अखिलेश शुक्ल का लड़का अंकित और अखिलेश की प्रेमिका का नाबालिग लड़का प्रिंस से जब जब सख्ती से पूछताछ हुई तो स्पष्ट पता चल गया कि हत्या किन कारणों से और किसलिए की गई है फिर भी स्थानीय पुलिस 1 महीने तक जांच के नाम पर आरोपियों को बचाती रही। हत्या का मुख्य आरोपी और साजिश कर्ता तथा शव को ठिकाने लगाने वाला मुख्य आरोपी पुलिस की दया दृष्टि वर्क चलते अभी भी गांव में खुलेआम घूम रहा है। अन्य दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करके जिसमे अंकित 18-19 वर्ष और प्रिंस को बाल सुधार गृह को पुलिस 3-4 दिन पहले भेजा है लेकिन अखिलेश जिसके अवैध संबंध की सच्चाई जान गया था। इस बात को दबाने और अपने अनैतिक कार्यो को जारी रखने के लिए अखिलेश शुक्ला जो अभिनव का मौसा था रास्ते से हटाने के लिए अपने लड़के अंकित से फोन से घर बुलाकर दावत खिलाने के बहाने हत्या साजिश रच डाली।

# खुटहन पुलिस ने चोरी की दो मोटरसाइकिल, तमंचा व कारतूस के साथ तीन किया गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। थाना खुटहन पुलिस टीम द्वारा तीन आरोपियो को चोरी की दो मोटरसाइकिल व एक तमंचा .315 बोर व एक जिन्दा कारतूस .315 बोर के साथ किया गया गिरफ्तार। प्र0नि0 खुटहन के कुशल नेतृत्व में थाना खुटहन पुलिस टीम को दिनांक 28.08.2025 को मुखबिर खास की सूचना मिली कि दो-तीन लड़के दो मोटरसाइकिलों के साथ राऊतपुर रोड के किनारे खड़े होकर आपस मे बातचीत कर रहे है एवं उक्त गाड़ियों को कहीं बेचने के लिये ले जाने के फिराक में है। इससे लगता है कि उक्त गाड़ियां चोरी की है,यदि जल्दी किया जाए तो पकड़े जा सकते है ।मुखबिर की सूचना पर विश्वास कर पुलिस बल द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर पहुचे ही थे कि उक्त तीनों व्यक्ति पुलिस वालो को देखकर मोटर साइकिल छोड़ कर भागना चाहे कि मौके पर ही एकबारगी दविश देकर पुलिस बल द्वारा पकड़ लिया गया। पकड़े गये तीनों व्यक्तियों से नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी ली गयी तो पहले व्यक्ति ने अपना नाम उज्जवल तिवारी पुत्र लालबहादुर निवासी ग्राम रमनीपुर थाना खुटहन जनपद जौनपुर बताया जिसकी जामा तलाशी से पहने पैन्ट के दाहिने फेट से 01 तमंचा .315 बोर व दाहिने जेब से 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद हुआ। दूसरे ब्यक्ति ने अपना नाम आदित्य उपाध्याय पुत्र मंगल उपाध्याय निवासी देनुआ थाना बदलापुर जनपद जौनपुर तीसरे व्यक्ति ने अपना नाम विष्णु सेठ पुत्र दीपक सेठ निवासी घनश्यामपुर थाना बदलापुर जनपद जौनपुर बताया। पकड़े गये तीनों व्यक्तियों के पास खड़ी दोनों मोटर साइकिलो को टार्च की रोशनी मे देखा गया तो पहली मोटरसाइकिल प्लेटिना रंग काला जिसके नम्बर प्लेट पर UP62CM2620 अंकित था। जिसके चेचिंस नम्बर MD2A76AY7KPA05470 को ई चालान एप से चेक किया गया तो पता चला। कि उक्त मोटरसाइकिल का मूल रजिस्ट्रेशन नम्बर UP44AY7498 है। जिसपर कुटरचित नम्बर प्लेट लगा है, तत्पश्चात दूसरे मोटर साइकिल हीरो स्पेलेन्डर प्लस रंग काला को देखा गया तो उसके नम्बर प्लेट पर UP70AR0001 अंकित है। एवं चेचिस नम्बर रगडा हुआ अंकित है जिसे सरकारी ई-चालान एप से चेक किया गया। तो यह पाया गया कि उक्त रजिस्ट्रेशन नम्बर स्कार्पियो का है। तत्पश्चात पकडे गये सभी अभियुक्तो से कड़ाई से पूछताछ किया गया तो तीनों ब्यक्तियों ने एक साथ बताया कि साहब हम सभी तीनों लोगों ने एकसाथ होकर मोटरसाइकिलो को जनपद जौनपुर,जनपद अम्बेडकर नगर से विभिन्न तिथियों पर विभिन्न स्थानों से हम लोगो नें चुरा कर लाया था ।जिसपर हम लोगों ने गलत नम्बर प्लेट लिख कर लगाये थे। 02 मोटरसाइकिल व एक तमंचा .315 बोर व एक जिन्दा कारतूस .315 बोर की बरामदगी करते हुए 03 नफर अभियुक्तगण को अन्तर्गत धारा 317(2)/336(3)/340 बीएनएस व 3/25 आयुध अधिनियम में गिरफ्तार किया गया।



# दुख की इस घड़ी में शासन-प्रशासन पीड़ित परिवारजन के साथ, हरसंभव दी जाएगी मदद: राज्यमंत्री

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चन्द्र यादव द्वारा बुधवार देर सायं जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र सहित अन्य अधिकारियों के साथ गत 25 अगस्त 2025 को कोतवाली क्षेत्र के मछलीशहर पड़ाव में अतिवृष्टि तथा खंभे में विद्युत प्रवाह होने के कारण घटित हृदय विदारक घटना में मृतक शिवा, प्राची मिश्रा और समीर के परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की गई तथा पीड़ित परिवारजन को सांत्वना दी गई। राज्यमंत्री ने कहा कि दुख की इस घड़ी में शासन प्रशासन पीड़ित परिवारजन के साथ है। मुख्यमंत्री तथा प्रमुख सचिव गृह को घटना क्रम से अवगत करा दिया गया है तथा शासन के निर्देश के क्रम में नियमानुसार हरसंभव जो भी मदद दी जा सकेगी, दिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि यह घटना दुखद तथा हृदय को विचलित करने वाला है। घटना की जांच हेतु मुख्य राजस्व अधिकारी/प्रभारी स्थानीय निकाय अजय अम्बष्ट की अध्यक्षता में एसपी सिटी तथा अधीक्षण अभियंता विद्युत की संयुक्त त्रिसदस्यीय समिति का गठन किया गया है।



इसके साथ ही माननीय मंत्री तथा जिलाधिकारी द्वारा घटनास्थल पर जाकर निरीक्षण किया गया तथा मंत्री द्वारा पूरे घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए कहा गया कि दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी जिससे भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति ना होने पाए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अम्बष्ट, नगर मजिस्ट्रेट इंद्र नंदन, उप जिलाधिकारी सदर सहित अन्य उपस्थित रहे।

# 10 वर्ष से बंद पड़ी समिति से उर्वरक वितरण शुरू, किसानों में खुशी

महराजगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। स्थानीय क्षेत्र के आशा मधूपुर सहकारी समिति विगत वर्ष 2015 से करीब दस वर्ष से बंद पड़ी थी जहां आज बृहस्पतिवार से उर्वरक व्यवसाय पुनः प्रारम्भ हो गया है। इससे क्षेत्र के किसानों में हर्ष ब्याप्त है ।एआर कोऑपरेटिव ब्रजेश पाठक के निर्देशन और एडीसीओ बदलापुर अंकित काबरा के प्रयास से समिति के गोदाम से किसानो में 250 बोरी यूरिया खाद का वितरण समिति के अध्यक्ष अजय सिंह व सचिव सुशील सिंह की देख रेख में किया गया। एडीसीओ बदलापुर अंकित ने बताया कि सरकार द्वारा लागू कैश एंड कैरी स्कीम से समितियों को नई आर्थिक मजबूती मिल रही है। शीघ्र ही समिति का कायाकल्प कर आवश्यक सुविधाएँ बहाल की जाएंगी और भविष्य में सीधे समिति से ही उर्वरक व्यवसाय संचालित होगा ।उर्वरक वितरण शुरू होने से क्षेत्र के किसानो मे खुशी का माहौल रहा। मौके पर नेता चंचल सिंह राहुल सिंह पूर्व प्रधान प्रयास उपाध्याय रविकान्त पाल हरिकेश उपाध्याय राममूर्ति पाल राजेश सिंह आदि क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे।








# जीवन रक्षा हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर



**डा0 नवीन कुमार सिंह**
M.B.B.S., M.S. (Ortho)
हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ



**डा0 शिल्पी सिंह**
M.B.B.S., M.S. (Obs & Gyn)
स्त्री रोग विशेषज्ञ

- फ्रेक्चर
- गठिया
- कमर दर्द
- ऑथराइटिस
- कूल्हा, घुटना प्रत्यारोपण
- इत्यादि रोगो का इलाज

- सिजेरियन डिलीवरी
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- ट्यूमर का ऑपरेशन
- दूरबीन विधि द्वारा
- बच्चे की जाँच
- नार्मल डिलीवरी

**आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधाएं**
**इमरजेन्सी सुविधा 24 घण्टे उपलब्ध**

नया पता- पुलिस चौकी के सामने, सिपाह, आजमगढ़ रोड, जौनपुर (उ0प्र0) 6390303050

# TSMH त्रिभुवन सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल



**डा0 स्पृहा सिंह**
M.B.B.S., MD (Pt. JNM Raipur)
CCEBDM (Diabeties)
जनरल फिजिशियन एवं मधुरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक आपोलो हॉस्पिटल, हैदराबाद



**डा0 जयेश सिंह**
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (पीडियाट्रिक्स)
डी.एम. (नियोनेटोलॉजी)
(Fernandez Hospital, Hyderabad)
DASSI (KEM Pune)
ONTOP (AIIMS New Delhi)

पूर्वांचल के प्रथम व एकमात्र सुपर स्पेशलिस्ट नवजात शिशु व बाल रोग विशेषज्ञ

- नवजात शिशु का आई.सी.यू. एवं बच्चों के सभी रोगों का इलाज।
- निमोनिया, जन्म पर गन्दा पानी पीने वाले नवजात अत्याधुनिक आई.सी.यू. की सुविधा।
- समय से पूर्व (सतवासे) में पैदा हुए बच्चों का इलाज एवं बच्चों का समस्त टीकाकरण।
- हमारे यहाँ आयुष्मान कार्ड के द्वारा नवजात शिशु व बच्चों के डायलसिस की सुविधा
- निशुल्क उपलब्ध है। ▪ इत्यादि समस्त रोगो का इलाज की सुविधा।

हृदय रोग एवं डायबिटीज रोग विशेषज्ञ

- वयस्कों में हार्ट, किडनी, शुगर, पेट रोग, लकवा, पैरालाइसिस, निमोनिया,
- लीवर, डेंगू, मलेरिया, टाईफाइड, अस्थमा/दमा, हाईब्लड प्रेशर, मलेरिया,
- डायलसिस, सिजेरियन डिलिवरी, नसों में शून्यपन, मस्तिष्क ज्वर, पीलिया,
- हेपेटाईटिस बी., ल्यूकोरिया, खूनी पेचिस, सर दर्द, माइग्रेन, यूरिन इन्फेक्शन
- स्वास व फेफड़ा रोग व अन्य सभी रोगों का इलाज किया जाता है।

**आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधाएं**
पता- दिवानी कचहरी, अम्बेडकर तिराहा, जौनपुर (उ0प्र0)
05452-356274/ 7992031213, 9026551423

# अरुणोदय सर्जिकल एण्ड ट्रामा सेन्टर



जनरल सर्जरी
स्त्री एवं प्रसूति रोग
आर्थोपेडिक (सर्जरी एवं परामर्श)
कीमोथिरैपी सुविधा उपलब्ध
न्यूरो सर्जरी (परामर्श एवं सर्जरी)

वेन्टिलेटर एवं डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
प्रशिक्षित डाक्टर स्टाफ तथा सभी मानकों पर खरा उतरने वाला जनपद का एक मात्र हास्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा सभी प्रकार की सर्जरी
जनरल मेडिसिन, मधुमेह रोग

गुर्दा एवं मूत्र रोग (सर्जरी एवं परामर्श)
गैस्ट्रोइन्टरोलॉजी (इण्डोस्कोपी एवं कालोनोस्कोपी)
एक्सीडेण्टल एवं ट्रामा इमरजेन्सी सेवा 24 घण्टे उपलब्ध

**डा. अरुण आर. सिंह**
कन्सल्टेन्ट लैप्रोस्कोपिक सर्जन
एम.एम.ओ.) एल.टी.एम.एम.जी.एच. (साया हॉस्पिटल मुम्बई)
स.आर.) एम.जी.एम. मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल (नवी मुम्बई)
रजि.नं.-82945 (यू.पी.एम.सी.)

**डा0 पुनीत सिंह**
M.S.M.C.H.
गुर्दा एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ (यूरो सर्जन)

**डा0 रवि प्रकाश सिंह**
M.S. (Ortho)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ

**डा0 प्रभात सिंह**
M.D.( Medicine)
जनरल फिजिशियन

**डा0 सुमित कुमार सिंह**
M.D.( Neuro Psychiatrist)
मानसिक रोग विशेषज्ञ

24/7 Emergency Services

बीमा कार्ड धारकों के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध
**आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधाएं**
8090966086,8090015086
कलीचाबाद, जौनपुर

# SALVATION HOSPITAL
# साल्वेशन हॉस्पिटल

The Culture of Care



**डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव**
B.A.M.S.
(स्त्री रोग विशेषज्ञा)

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय**
राज्यकर्मी कैशलेस चिकित्सा योजना
संबद्ध अस्पताल

**आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना**
के अंतर्गत सूचीबद्ध अस्पताल

24/7 Emergency Services
24 घंटे भर्ती की सुविधा

आई.सी.यू. | डायलेसिस | एच.डी.यू.
नेत्र विभाग | अस्थि रोग विभाग
दन्त चिकित्सा | किडनी विभाग
जनरल मेडीसिन | जनरल सर्जरी



**डॉ. विवेक श्रीवास्तव**
M.D. (Physician, F.G.O.
(APOLO HOSPITAL) P.G.D.S.
Member of Indian Medical
Association UPMCI Rg. No. 95653

नोट- प्रत्येक महीने के दूसरे रविवार को प्रयागराज के गुर्दा रोग विशेषज्ञ डा0 सन्तोष मौर्य (M.D., D.M. Nephro) 12 बजे से 4 बजे तक उपलब्ध रहते हैं।

कंधरपुर, मुरादगंज, जौनपुर (वाराणसी-लखनऊ न्यू हाइवे के बगल में बाईपास से 400 मीटर की दूरी पर 9138828282, 8686867547

# एस.आर.एस. हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर





**डा. अभय प्रताप सिंह**
MBBS (KGMU), DNB(Ortho), MS (Ortho)
UCN, FIJR (Germany), MNAMS
आर्थ्रोस्कोपिक एण्ड ज्वाइंट रिप्लेसमेन्ट आर्थोपेडिक सर्जन
हड्डी रोग विशेषज
ओ.पी.डी. प्रतिदिन

**डा. आनन्द त्रिपाठी**
MBBS, MD, DM (Neuro)
न्यूरो फिजिशियन
ओ.पी.डी. प्रतिदिन

**डा. निदा सलाम**
CGO
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
ओ.पी.डी. प्रतिदिन

**डा. अरविन्द कुमार अग्रहरि**
MBBS, MS, MCH (Neuro)
न्यूरो सर्जन
विजिटिंग/ऑन काल

**डा. एस.के. मिश्र**
MBBS, MS (General Surgeon)
जनरल सर्जरी
विजिटिंग/ऑन काल

**डा. चंचला मिश्रा**
MBBS, MS (Obs & Gyn.)
स्त्री रोग विशेषज्ञ
विजिटिंग/ऑन काल

**डा. राजेश त्रिपाठी**
MBBS, MD (Anesthisia)
एनेस्थिसिया रोग विशेषज्ञ
विजिटिंग/ऑन काल



7355 358194 05452- 356555

तेज डायग्नोस्टिक सेन्टर के सामने (पेट्रोल पम्प के बगल में) नईगंज तिराहा, जौनपुर

# ए. एम. बजाज

BAJAJ



मो. अशहद





अब्दुल माजिद

मानी कलां, गुरैनी रोड, जौनपुर- 222139 9621032024, 9651316060, 9621139686

# AMIR TRAVELS

Hajj & Umrah Services
DOMESTIC & INTERNATIONAL AIR TICKETS

Visit Visa, Holiday Tour Packages, Waqala Delhi & Mumbai Gamca & Medical Services
Emigration, Visa Stamping, Currency Exchange, Money Transfer

TV उत्तरशक्ति NEWS

- Withdrawal & Deposit Money From All (atm & Adhar Services)
- Passport, Pan Card & Driving License Services
- Common Services Center (csc) & Sahaj Jan Seva Kendra Related Services 7860303530, 9616636079

प्रो0- मो0 आसिफ सिद्दीकी संवाददाता गुरैनी, मानीकलां

सह- संपादक डॉ. इम्तियाज अहमद सिद्दीकी (उर्फ़ बाबू भाई) उत्तरशक्ति हिंदी दैनिक, जौनपुर-लखनऊ (उत्तर प्रदेश)



निकट- नसीराबाद चौक, पूर्व प्रधान नेयाज़ अहमद कटरा, मानीकलां, जौनपुर (उ0. प्र0)